



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 17 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 30 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### महिला अग्निवीर भी जल्द उठा सकती हैं हथियार, भारतीय सेना में शुरू होने वाली हैं नियुक्तियां

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय सेना में अब महिलाओं का कद बढ़ाए जाने की तैयारी है। खबर है कि महिला अग्निवीरों को जवानों के तौर पर शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। जून 2022 से ही भारतीय सशस्त्र बलों में अग्निपथ योजना के जरिए नियुक्तियां जारी हैं। आंकड़े बताते हैं कि फ्लिहाल भारतीय सैन्य सेवाओं में करीब 1700 महिला अधिकारी हैं।

भारतीय सेना में टुकड़ियों को उनकी भूमिका और काम के आधार पर तीन वर्गों में बांटा जाता है। कॉम्बैट आर्म्स (पैदल सेना, हथियारबंद और मशीनीकृत पैदल सेना शामिल है।), कॉम्बैट सपोर्ट आर्म्स (तोपखाने, इंजीनियर, हवाई सुरक्षा, सैन्य विमानन और सैन खुफिया व्यवस्था शामिल है।) और सर्विसेज (आर्मी सर्विस कॉर्प्स, आर्मी ऑर्डनेंस कॉर्प्स, कॉर्प्स ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स और आर्मी मेडिकल कॉर्प्स) इसका हिस्सा हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि महिलाओं को जवानों के तौर पर नियुक्त करने का प्रस्ताव अंतिम चरण में है। कहा जा रहा है कि नियुक्ति पहले सर्विसेज से शुरू होगी। बाद में इसका विस्तार कॉम्बैट सपोर्ट आर्म्स में किया जाएगा। भारतीय सेना में 10 लाख से ज्यादा जवान हैं। अब तक सेना में महिलाओं को सैनिक स्तर पर सैन्य पुलिस कोर में शामिल किया है।

जून 2016 में ही भारतीय वायुसेना ने महिलाओं की लड़ाकू भूमिका में नियुक्ति की शुरुआत कर दी थी। उस दौरान वायुसेना में तीन महिला अधिकारी लड़ाकू पायलट के तौर पर शामिल हुईं थीं। अब तक कुल 15 महिला लड़ाकू पायलटों को सेना का हिस्सा बना चुका है। इधर, दिसंबर 2022 में नौसेना ने भी महिला अधिकारियों के लिए सभी सेवाओं में रास्ते खोल दिए थे।

### मुकेश चंद्राकर को चुनाव हरवाने रोजाना हो रही बैठकें, पार्टी विरोधी गतिविधियों पर सीएम से लेकर संगठन की पैनी नजर!

# सीएम भूपेश के कैंडिटेट को वैशाली नगर में 'अपनों' से खतरा!

श्रीकंचनपथ इलेक्शन न्यूज़

**भिलाई।** कहते हैं कि कांग्रेस चुनाव हारती नहीं है, उसके अपने उसे चुनाव हरवाते हैं। वैशाली नगर में यह बात सौ फीसद सच हो रही है। कांग्रेस पार्टी ने लम्बी जद्दोजहद के बाद इस सीट से जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर को प्रत्याशी बनाया है, लेकिन क्षेत्र के दीगर दावेदार अब उनके खिलाफ लामबंद होकर मोर्चा खोल चुके हैं। खबर है कि सुपेला स्थित एक रेस्त्रां में रोजाना इन विरोधियों की बैठकें चल रही है, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी को हरवाने की रणनीति बनाई जा रही है। इसकी भनक लगने के बाद प्रदेश संगठन के भी कान खड़े हो गए है। कई लोगों ने सीएम भूपेश बघेल तक भी शिकायत पहुंचाई है। प्रत्याशी के विरोध में लामबंद होने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। आने वाले दिनों में उन पर कार्रवाई के भी संकेत मिल रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर को सीएम भूपेश बघेल का कैंडिटेट माना जाता है।

जिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनने के बाद जिस वैशाली नगर क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने मुकेश चंद्राकर ने खासी मशक्कत की थी, अब वहां खुद श्री चंद्राकर को चुनौतियां पेश की जा रही है। पार्टी ने टिकट वितरण के लिए जो प्रक्रिया अपनाई थी, उसके तहत इस क्षेत्र से करीब दर्जनों कांग्रेसियों ने दावेदारी जताई थी। लेकिन पार्टी की जारी दूसरी सूची में वैशाली नगर से श्री चंद्राकर को प्रत्याशी घोषित किया गया। इसके बाद से ही कांग्रेस के टिकट दावेदार लामबंद होने लगे। परिसीमन के बाद 2008 को अस्तित्व में आए इस विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति कभी बहुत अच्छी नहीं रही। इस क्षेत्र को भाजपा मानसिकता वाला माना जाता है। यही वजह है कि श्री चंद्राकर ने जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद वैशाली नगर में खूब मेहनत की। स्थानीय नागरिकों तक भूपेश सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाया। लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने की भी भरसक कोशिशें की। उनकी कोशिशें रंग भी लाती दिखी, जब क्षेत्र के लोग यह दावा करने लगे कि इस बार वैशाली नगर को फतह करना कांग्रेस के लिए ज्यादा मुश्किल नहीं होगा। श्री चंद्राकर से पहले संगठन की कमान संभालने वाली तुलसी साहू ने भी भाजपाई मकड़जाल तोड़ने काफी मेहनत की।



### सीएम दे सकते हैं दखल



राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले स्व. वासुदेव चंद्राकर के परिवार से ताल्लुक रखने वाले मुकेश चंद्राकर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कैंडिटेट माना जा रहा है। ऐसे में संभावना है कि जल्द ही स्वयं सीएम भूपेश इस मामले में दखल दे सकते हैं। फिलहाल कांग्रेस, प्रदेश में दोबारा सरकार बनाने जी जान से जुटी हुई है। लेकिन वैशाली नगर समेत कई अन्य सीटों पर भीतरघातियों की सक्रियता रोड़ा बन सकती है। जिले की ही कम से कम तीन सीटों पर भीतरघातियों की फौज तैयार है। जबकि इन सभी सीटों पर कांग्रेस की स्थिति अच्छी बताई जा रही है। पिछले चुनाव में जिले से सिर्फ वैशाली नगर सीट पर ही कांग्रेस को पराजय मिली थी। यही वजह है कि पार्टी के नेताओं ने चुनाव हारने के बाद से लगातार इस क्षेत्र में काम किया। सरकार से लेकर कार्यकर्ताओं तक की 5 साल की मेहनत पर अब कांग्रेस के ही भीतरघाती या गड्ढेबाज पानी फेरने पर आमादा है। जबकि पूर्व की अपेक्षा इस बार वैशाली नगर में कांग्रेस की स्थिति को बेहतर माना जा रहा है।

### सीएम की परेड का भी असर नहीं!

गौरतलब है कि मुकेश चंद्राकर को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद संभावित विरोध के मद्देनजर स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 60 से ज्यादा दावेदारों को रायपुर बुलाया था। हालांकि इस बैठक से बहुत सारे दावेदारों ने किनारा कर लिया था। बैठक तमाम दावेदारों के मान मनौव्वल के लिए रखी गई थी। सीएम के समक्ष सभी दावेदारों ने पार्टी के पक्ष में काम करने की बात कही थी, लेकिन वर्तमान में जो हालात है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि सीएम की समझाइश का असर भी इन दावेदारों पर नहीं हुआ है। वैशाली नगर, प्रदेश की उन सीटों में है, जहां कांग्रेस में सबसे ज्यादा दावेदार सामने आए थे। पार्टी यहां से अब तक सिर्फ एक उपचुनाव में ही जीत हासिल कर पाई है। इस सीट की कितनी अहमियत है, इसका अंदाजा भी इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वयं सीएम को प्रत्याशी के पक्ष में एकजुट करने के लिए तमाम दावेदारों को बुलाकर समझाइश देनी पड़ी थी।

### कहीं भाजपा से सांठगांठ तो नहीं....?

मुकेश चंद्राकर को प्रत्याशी बनाया जाना क्षेत्र के बहुत सारे कांग्रेसियों को रास नहीं आ रहा है। यही वजह है कि उनके खिलाफ राजनीतिक कुचक्र रचा जा रहा है। बताते हैं कि ये वही लोग हैं जो स्थानीय और बाहरी का मुद्दा उठाकर पहले भी माहौल बनाने की कोशिश कर चुके हैं। कांग्रेस प्रत्याशी श्री चंद्राकर फिलहाल अपने प्रचार अभियान को गति देने में जुटे हैं। लेकिन उनकी पीठ पीछे कई लोग गड्ढा खोदने में जुट गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, ऐसे लोगों की सोच है कि यदि मुकेश चंद्राकर एक बार चुनाव जीत गए तो उनके (अन्य दावेदारों) भविष्य के दरवाजे बंद हो जाएंगे। इसलिए ऐसे लोग हर हाल में मुकेश चंद्राकर को चुनाव हरवाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। कांग्रेस के ही एक सूत्र का दावा है कि इन गड्ढेबाजों में से कुछेक के सम्पर्क भाजपा के लोगों से भी है। इन हालातों में सवाल उठ रहा है कि क्या कांग्रेस की टिकट के दावेदार रहे लोगों ने भाजपा से सांठगांठ कर ली है?

### कॉफी हाउस में चल रहा बैठकों का दौर

बताते हैं कि कांग्रेस को हरवाने की साजिशों को सुपेला स्थित कॉफी हाउस में चल रही बैठकों में अंजाम दिया जा रहा है। यह बैठकें लगभग रोजाना हो रही है। हालांकि जानकारों का कहना है कि प्रदेश संगठन को इन तमाम स्थितियों से अवगत कराया जा चुका है। स्वयं सीएम भूपेश बघेल ने शिकायतों को गम्भीरता से लिया है। लेकिन फिलहाल विरोधियों पर सिर्फ पैनी नजर रखी जा रही है। मुकेश चंद्राकर, चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर रह चुके हैं। क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग के वोटर्स की बाहुल्यता है।

संभवतः इसी के मद्देनजर पार्टी ने श्री चंद्राकर को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि भाजपा प्रत्याशी भी इसी वर्ग से है, लेकिन मुकेश चंद्राकर राजनीतिक हालातों, व्यक्तिगत छवि से लेकर कई अन्य मामलों में भाजपा प्रत्याशी से काफी आगे हैं। यही बात कांग्रेस के गड्ढेबाजों को रास नहीं आ रही है। संकेत मिल रहे हैं कि ऐसे लोगों को पार्टी व संगठनहित में काम करने की जल्द ही नसीहत दी जा सकती है। इसके बाद यदि वे नहीं सुधरते हैं तो उन पर संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रा को बाइक सवार बदमाश ने चलती ऑटो से खींचा अस्पताल में हुई मौत, पुलिस मुठभेड़ में ढेर हुआ आरोपी

**गाजियाबाद ( एजेंसी )।** मोबाइल लूट के लिए ऑटो से इंजीनियरिंग की छात्रा को खींचने से लगी चोट से उसकी मौत हो गई। तीन दिन पुरानी घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। सोमवार तड़के पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। मामला उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले का है। मुठभेड़ में मारे गए आरोपी 12 से ज्यादा लूट के मामले और एक गैंगस्टर का मुकदमा भी था। छात्रा से लूट के मामले में फरार होने के बाद उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।


बता दें 27 अक्टूबर की शाम को हापुड़ के निवासी रविंद्र की बेटी और गाजियाबाद के एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा कीर्ति (19) अपनी सहेली दीक्षा के साथ घर जा रही थी। पीछा करते आ रहे बाइक सवार दो बदमाशों ने उससे मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया। उसने विरोध किया तो बदमाश ने उसका हाथ पकड़कर बाहर खींच दिया। इससे छात्रा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मोबाइल फोन बदमाश के हाथ में आ गया और वे भाग गए थे। सहेली और ऑटो चालक ने कीर्ति को अस्पताल पहुंचाया। गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल रविवार की शाम को छात्रा ने दम तोड़ दिया।




इधर लूट की घटना के बाद से ही गाजियाबाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी की पहचान जितेन्द्र के रूप में की। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था। सोमवार तड़के पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी जितेन्द्र को घेर लिया। इस दौरान मुठभेड़ में पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र को ढेर कर दिया।

## रेल एक्सीडेंटः विजयानगरम रेल हादसे में अब तक 14 की मौत राहत व बचाव कार्य पूरा, शाम तक ट्रैक पर संचालन होगा शुरू

**विशाखापत्तनम ( एजेंसी )।** आंध्र प्रदेश के विजयानगरम में हुए रेल हादसे में अब तक मृतकों का आंकड़ा 14 तक पहुंच गया है। पूर्वी तटीय रेलवे के सीपीआरओ बिस्वजीत साहू ने बताया कि राहत और बचाव कार्य पूरा हो चुका है। अब ट्रैक पर रेल संचालन बहाली पर फोकस किया जा रहा है। हादसे की वजह से फंसे हुए यात्रियों के लिए बसों और ट्रेनों का इंतजाम किया गया है। हादसे की वजह से अब तक कुल 18 ट्रेनें रद्द हुई हैं और 22 ट्रेनों का रूट बदला गया है। हम कोशिश कर रहे हैं कि शाम चार बजे तक प्रभावित रूट पर ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू हो सके।



### हादसे की जांच की जा रही

वालटेयर डिविजन के डिविजनल रेलवे मैनेजर सौरभ प्रसाद ने बताया कि भारी मशीने और क्रेन्स बुला ली गई हैं। राज्य सरकार और अग्निशमन विभाग के साथ समन्वय करके काम किया जा रहा है। हादसे की वजह के बारे में पूछने पर सौरभ प्रसाद ने कहा कि एक बार जांच पूरी होने के बाद ही हादसे के कारण के बारे में कुछ कहा जा सकेगा। रेल मंत्री ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख रुपये और सामान्य रूप से घायल लोगों के लिए 50 हजार रुपये के मुआवजे का एलान किया है।

### रेल मंत्री ने वॉर रूम से की हादसे की समीक्षा

विजयानगरम की एसपी ने बताया कि रेल हादसे में मारे गए लोगों में से अभी तक सात की पहचान हो चुकी है और अन्य शवों की पहचान की भी कोशिश की जा रही है। वहीं हादसे के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली स्थित रेल भवन के वॉर रूम से हालात की समीक्षा की और रेलवे के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। रेल मंत्री ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी से भी फोन पर बात की।

## फिर सताने लगा जोगी कांग्रेस का भूत

श्रीकंचनपथ न्यूज




नवम्बर 2000 में जब मध्यप्रदेश से काटकर छत्तीसगढ़ राज्य बनाया गया तो वहां कांग्रेस की सरकार थी। अजीत प्रमोद कुमार जोगी को छत्तीसगढ़ का पहला सीएम बनने का सौभाग्य मिला। 1998 में रायगढ़ से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए जोगी उस समय लोकसभा सदस्य थे। 2003 में पहली बार राज्य में चुनाव हुआ और भाजपा की सरकार बनी जिसने इसके बाद लगातार तीन कार्यकाल पूरे किये। साल 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जोगी के तौर तरीकों से एक बड़ा तबका नाखुश था। इसलिए कांग्रेस में खेमेबाजी शुरू हो गई। जोगी को अलग-थलग करने के लिए पार्टी में व्यूहरचना शुरू हो गई। यह भी कहा गया कि जोगी की भाजपा से सेटिंग है। भाजपा की लगातार जीत के लिए जोगी को ही जिम्मेदार बताया जाता रहा। दरअसल, 2004 में हुए एक सड़क हादसे के बाद जोगी व्हीलचेयर पर आ गए थे। पार्टी में नेतृत्व को लेकर खींचतान चलती रही। जोगी को थोपा गया नेता बताया जाता रहा। उस समय छत्तीसगढ़ कांग्रेस में नंद कुमार पटेल, महेन्द्र कर्मा, विद्याचरण शुक्ल जैसे कई बड़े नेता थे। 2013 में जब नक्सलियों ने सुकमा जिले की झीरम घाटी में कांग्रेस के काफिले पर हमला किया तो जोगी को इसमें भी खलनायक बताया गया। इस हमले में कांग्रेस की पहली पंक्ति के अधिकांश नेता शहीद हो गए। इसके बाद 2014 में कांग्रेस ने राज्य की कमान भूपेश बघेल को सौंप दी। इसके बाद जोगी ने जाति और निष्ठा के नाम पर लगातार हो रहे हमलों के चलते अपनी पार्टी बना ली। तृणमूल कांग्रेस की तर्ज पर इसका नाम रखा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़-जोगी। बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस ने 2018 में शानदार वापसी की। दो साल बाद 29 मई 2020 को जोगी ने रायपुर के एक अस्पताल में अंतिम सांसें ली। इसके बाद जोगी कांग्रेस में प्रारंभिक हताशा के लक्षण भी दिखाई दिए। पर इस चुनाव से पहले उसमें एक बार फिर जान लौट आई प्रतीत होती है। राज्य विधानसभा चुनाव की कमान संभाल रहे भूपेश बघेल ने जेसीसीजे पर एक बार फिर वोट कटुवा होने का आरोप लगाया है। दरअसल, पार्टी जोगी वाली हो या भूपेश वाली, दोनों तरफहैं तो कांग्रेसी ही। जब दोनों अपने प्रत्याशी खड़े करते हैं तो कांग्रेस के वोट बंट जाते हैं। प्रमुख प्रतिद्वंद्वी को इसका फायदा मिलता है जो छत्तीसगढ़ के मामले में भाजपा है। भूपेश वाली कांग्रेस के समान मुद्दों को लेकर एक और पार्टी खड़ी हो गई है जिसका नाम है जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी। आरोप हैं कि इसे भी भाजपा फायनेंस कर रही है ताकि कांग्रेस का वोट शेयर कम किया जा सके। बहरहाल, मल्टी पार्टी पॉलिटिक्स के तमाम दुष्प्रभावों के लक्षण इस बार छत्तीसगढ़ में दिखाई दे रहे हैं। 24 सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार पहले ही बन चुके हैं। इससे यह संभावना कम हो रही है कि जनता जिसे चाहेगी, उसे चुनाव जिता भी पाएगी।



## संपादकीय

### मच्छर बनाम मच्छर

लोहा ही लोहे को काटता है। अमेरिका में कोलंबिया के तीन शहरों में यही बात साबित होती दिख रही है। वोल्बाचिया नामक जीवाणु फैलाने वाले मच्छरों के आने के बाद से डेंगू के मामलों में नाटकीय रूप से गिरावट देखी गई है। वोल्बाचिया वाले मच्छरों को वास्तव में वैज्ञानिक ढंग से विकसित किया गया है। जहां भी इनका प्रयोग किया जा रहा है, वहां डेंगू के मामलों में 94-97 प्रतिशत की गिरावट आई है। चूंकि जैविक रूप से विकसित मच्छरों को अभी विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंजूरी नहीं दी है, इसलिए यह प्रयोग एक गैर-सरकारी संगठन के जरिये ही किया जा रहा है। इन मच्छरों को विश्व मच्छर कार्यक्रम (डब्ल्यूएमपी) द्वारा छोड़ा गया था। यह प्रयोग कोलंबिया में ही नहीं, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, इंडोनेशिया और वियतनाम सहित कुछ अन्य देशों में भी चल रहा है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबॉर्न में डब्ल्यूएमपी और मोनाश यूनिवर्सिटी की महामारी विज्ञानी केटी एंडर्स कहती हैं, 'आबादी और क्षेत्रफल के हिसाब से यह वैश्विक स्तर पर अब तक वोल्बाचिया (मच्छरों) का सबसे बड़ा प्रयोग है। केटी एंडर्स ने 22 अक्टूबर को शिकागो में अमेरिकन सोसाइटी ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड हाइजीन की वार्षिक बैठक में प्रयोग के नतीजे पेश किए हैं। इससे वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ा है और डेंगू से जूझ रहे देशों में लोगों के बीच जिज्ञासा और आशा, दोनों में वृद्धि हुई है। वास्तव में संशोधित मच्छर के संपर्क में आने पर बाकी मच्छरों में डेंगू और जीका जैसी बीमारियों को फैलाने की क्षमता प्रभावित हो जाती है। शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि संशोधित मच्छरों को जहां भी छोड़ा जाएगा, वे मच्छरों की स्थानीय आबादी के साथ प्रजनन करेंगे और समय के साथ संशोधित मच्छरों की संख्या बढ़ती चली जाएगी। धीरे-धीरे बीमारी फैलाने वाले मच्छरों की आबादी कम हो जाएगी और इससे मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। वैसे यह प्रयोग बहुत नया नहीं है। डब्ल्यूएमपी ने पहली बार 2015 में कोलंबिया में संशोधित मच्छरों को तैनात किया था और इन मच्छरों की संख्या बहुत बढ़ गई है। आखिरकार 135 वर्ग किलोमीटर के संयुक्त क्षेत्र और 33 लाख लोगों के घर वाले बेलो, मेडेलिन और इटागुई शहर में ये मच्छर ज्यादा हो गए हैं। इन शहरों में करीब 60 प्रतिशत मच्छर संशोधित मच्छरों से प्रभावित हो चुके हैं। आशा की नई किरण दिखाई पड़ रही है। जब वैज्ञानिकों ने पूरी तरह से उपचारित क्षेत्रों में डेंगू की घटनाओं की तुलना पहले के दस वर्षों में डेंगू की घटनाओं से की, तो पाया कि बेलो और मेडेलिन में 95 प्रतिशत और इटागुई में 97 प्रतिशत की गिरावट आई है। इन शहरों में ऐसी स्थिति के लिए वैज्ञानिकों को छह साल प्रयास करने पड़े हैं। अब ये वैज्ञानिक विश्व के दूसरे इलाकों में यह प्रयोग आजमाना चाहते हैं। इस प्रयोग और उसके प्रसार को मंजूरी दिलाने के लिए भी प्रयास तेज हो रहे हैं। ऐसे मच्छरों को पैदा करने के लिए ब्राजील में एक कारखाना बनाने की भी तैयारी है। कोई शक नहीं कि डेंगू दुनिया के लिए बड़ा खतरा है। यह दुनिया में 40 प्रतिशत इलाके में ज्यादा घातक है, हर साल करीब 10 करोड़ लोग इससे संक्रमित होते हैं और 21,000 लोगों की मौत हो जाती है। भारत की बात करें, तो पिछले साल करीब तीन लाख लोग डेंगू ग्रस्त हुए थे और 303 लोगों की मौत हुई थी। क्या यह प्रयोग भारत में भी संभव होगा और भारतीयों को डेंगू के खतरे से निजात मिलेगी? इसके लिए शायद थोड़ा इंतजार करना होगा।

> धीरे-धीरे बीमारी फैलाने वाले मच्छरों की आबादी कम हो जाएगी और इससे मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। वैसे यह प्रयोग बहुत नया नहीं है। डब्ल्यूएमपी ने पहली बार 2015 में कोलंबिया में संशोधित मच्छरों को तैनात किया था और इन मच्छरों की संख्या बहुत बढ़ गई है।

## कांटे की जमीनी लड़ाई!

उम्मीदवारों की पूरी लिस्ट घोषित नहीं हुई है लेकिन जितनी हुई है और जमीनी तौर पर जैसा माहौल बना दिख रहा है उससे चुनावी लड़ाई कांटे की है। जीत-हार का फैसला उम्मीदवार के खुद के दमखम और मौजूदा विधायक के पक्ष या विरोधी लोकल माहौल से होगा। फिर जातीय समीकरण कुछ काम करेंगे तो प्रादेशिक नेतृत्व को लेकर बनी धारणा से भी मतदाताओं का मन बना या बिगड़ा हुआ होगा।

और मेरा मानना है कि जमीनी सच्चाई को बूझ कर ही मोदी-शाह-नड्डा (पहली लिस्ट के बाद) ने और कांग्रेस हाईकमान ने (शुरुआती लिस्ट से ही) उम्मीदवारों के फैसले ठोक-बजाकर किए हैं। प्रयोग नहीं किए और प्रयोग करने का जो इरादा था उसे मोदी-शाह ने पहली लिस्ट के बाद बदल दिया। सबसे बड़ी बात कांग्रेस की एआईसीसी मशीनरी का चुस्त दिखना है। वह पहले जैसी अराजक, ढीली-लापरवाह नहीं दिखी। उधर भाजपा में मोदी-शाह-नड्डा हर तरह की सख्ती व सावधानी बरतते हुए। कांग्रेस ने भूपेश बघेल, कमलनाथ और अशोक गहलोत पर सब कुछ छोड़ा हुआ है बावजूद इसके दिल्ली में एआईसीसी ने अपने सर्वे तथा जमीनी हकीकत का हवाला देते हुए एक-एक उम्मीदवार पर विचार किया। उम्मीदवारों को ले कर क्षत्रपों से गांरटी ली। राजस्थान की पूरी लिस्ट अभी घोषित नहीं है लेकिन मोटा मोटी कह सकते हैं कि छतीसगढ़-मध्य प्रदेश में कांग्रेस के उम्मीदवार सॉलिड हैं। कांग्रेसी टिकटार्थियों का विद्रोह न्यूनतम है। उधर भाजपा की पहली लिस्ट में जरूर चौंकाने वाले और ऊपर से तय हुए नाम थे। मगर बाद की सूचियों में पुराने ढर्रे और पुराने चेहरे रिपीट हैं। इसलिए भाजपा में बागी उम्मीदवारों की संख्या अधिक होती लगती है।

ऐसा कमलनाथ-दिग्विजय सिंह ने नहीं होने दिया। भाजपा के चेहरे देख कर इन्होंने ऐन वक्त उम्मीदवार बदले। सो, कांग्रेस ने एक-एक सीट पर कड़ा मुकाबला बना दिया है। जबकि भाजपा इस मुगालते में है कि नरेंद्र मोदी की सभाएं होंगी तो पार्टी उम्मीदवारों के लिए कोई मुश्किल नहीं होगी।

इसका अर्थ यह नहीं कि संघ परिवार के संगठन जमीनी स्तर पर सक्रिय नहीं है या लापरवाह है। बतौर पार्टी भाजपा जरूर तीनों हिंदी प्रदेशों में बिखरी हुई है लेकिन संघ परिवार के संगठन अपनी फीडबैक अनुसार चुपचाप काम करते हुए है। इसलिए चुनाव में टॉप पर मोदी की रैलियों का फैक्टर होगा वही बूथ स्तर पर संघ मशीनरी के संगठन, पन्ना प्रमुखों की सक्रियता है। बीच में याकि प्रादेशिक स्तर पर जरूर भाजपा नाम की पार्टी इस बार बिखरी रहेगी और नेता अनमनेपन व बूझे मन से चुनाव लड़ेंगे।

सो, कांग्रेस में दिल्ली, प्रदेश नेता और उम्मीदवार सभी चुनाव लड़ने, जीतने की अधिक जद्दोजहद में है वही भाजपा में मोदी-शाह के बावजूद, नीचे-प्रादेशिक स्तर पर कोई धणी-धोरी याकि माई-बाप नहीं है। नीचे यदि भाजपा का कोई बागी उम्मीदवार खड़ा हुआ है तो उसे समझाने-बैठाने के लिए भाजपा के बड़े प्रादेशिक नेता या संघ के बड़े प्रचारक-पदाधिकारी पहले जैसे घूमते थे वैसे इस चुनाव में नहीं दिख रहे। मतलब कौन बैठाए बागियों को? आखिर पिछले चुनावों में जिन्होंने बैठाते वक्त बागियों से जो वादे किए थे उसे न शिवराज सिंह ने पूरे किए और सन संघ ने पूरे कराए। या जैसे मध्य प्रदेश में ग्वालियर, मालवा, महाकौशल, बुंदेलखंड में भाजपा के बागी हैं तो उन्हें यदि नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय या संघ के शिवप्रकाश बैठने के लिए कहें, चुनाव बाद कुछ करने का वादा करें तो बागी क्या यह नहीं कहेगा- आप लोगों को खुद का पता नहीं की क्या होगा तो मुझसे वादा कैसे कर रहे हो? पिछले चुनाव में भी तो वादा किया था लेकिन शिवराज ने क्या उसे पूरा किया? सो सचमुच बतौर पार्टी भाजपा इस चुनाव में बहुत बिखरी हुई है। बिना धणी-धोरी के है।

-हरिशंकर व्यास

> अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इसी साल जर्मनी, जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। दूसरी तरफयह खबर आ रही है कि लगातार तीसरी तिमाही में जर्मनी की अर्थव्यवस्था में कोई बढ़त नहीं हुई है। अब जीरो ग्रोथ की समस्या से जूझता जर्मनी जापान को पीछे छोड़नेवाला है, यह अनहोनी कैसे? इसका जवाब मुद्रा बाजार में है।

# मंदी से जूझती दुनिया को महंगी पड़ेगी जंग

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

*लगेगी आग तो आएंगे घर कई जद में, यहां पे सिर्फहमारा मकान थोड़ी है।*

राहत इंदौरी का यह शेर आम तौर पर दंगे-फसाद के संदर्भ में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन दो देशों के बीच की लड़ाई या उससे बड़े पैमाने पर फैलने वाले युद्ध के साथ भी यही किस्सा जुड़ा है। कोरोना के बाद रूस-यूक्रेन की लड़ाई और अब इजरायल-हमास युद्ध ने पूरी दुनिया के माथे पर चिंता की लकीरें शायद इसीलिए खींच दी हैं। एक तरफतो यह आशंका लगातार बनी हुई है कि यह लड़ाई और भड़की तो कहां-कहां फैल सकती है, किस-किस देश पर और किस-किस कारोबार पर कितना असर डाल सकती है। और दूसरी तरफ यह भी कि अगर लड़ाई न फैली, तो यह आग कब बुझेगी और तब तक कितना नुकसान हो चुका होगा? इसी डर का साया पूरी दुनिया के शेयर बाजारों पर पूरे हफ्ते छाया रहा। भारत में ही शेयरों की कुल कीमत या मार्केट कैपिटलाइजेशन में करीब 18 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। इसके पीछे सिर्फ इजरायल-हमास युद्ध नहीं, उसकी वजह से कच्चे तेल का बाजार बिगड़ने का डर और अमेरिका में ब्याज दरों के नई ऊंचाई पर पहुंचने से पैदा हुई चिंता भी शामिल है। यूरोप व अमेरिका में मंदी का डर बना ही हुआ है।

अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने का असर यह हुआ है कि वहां इस वक्त सरकारी बॉन्ड में पैसा लगाने पर सालाना पांच फीसदी ब्याज मिल सकता है। भारत में यह रकम हल्की लगेगी, लेकिन अमेरिका और यूरोप के पैमानों पर यह बहुत ऊंची ब्याज दर है। 2007 के बाद से पहली बार अमेरिका में ब्याज दर यहां पहुंची है। इसका असर यह होता है कि दुनिया भर में पैसा लगाने वाले बड़े निवेशक सोचते हैं कि यहां बिना किसी जोखिम के पांच फीसदी की कमाई हो रही है, ऊपर से यह कमाई भी डॉलर में ही होनी है। जबकि दूसरी तरफ, भारत, चीन या किसी दूसरे विकासशील देश के शेयर बाजार में जो पैसा लगाया जाएगा, वहां जितना मौका है उतना जोखिम भी है, साथ ही उन देशों की मुद्रा के उतार-चढ़ाव से नुकसान का खतरा भी बना रहता है। यही वजह है कि अगस्त और सितंबर में विदेशी निवेशक भारत से 20 से 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम निकाल चुके थे। अक्टूबर में भी यह आंकड़ा 25 हजार करोड़ के ऊपर जा चुका है।

मगर इन सारी चिंताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा, घरेलू निवेशकों की जेब से म्यूचुअल फंडों और शेयर बाजार में लगातार आ रहा पैसा न सिर्फ शेयर बाजार, बल्कि उद्योग और व्यापार के लिए भी सहारा बना हुआ है। अगस्त के बाद से सिर्फ घरेलू संस्थागत निवेशकों, यानी एलआईसी और म्यूचुअल फंडों ने भारत के बाजार में 65 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम लगाई है। मगर भारत जैसा हाल सबका नहीं है। अमेरिका और यूरोप के अनेक देश इस चुनौती से जूझ रहे हैं कि कैसे मंदी में जाने से बचें, साथ ही महंगाई भी काबू में रख सकें। बरसों से भारत और अन्य विकासशील देशों में महंगाई की दर पश्चिमी दुनिया से काफी ऊपर रही,



क्योंकि जब अर्थव्यस्था बढ़ती है, तो महंगाई बढ़ना स्वाभाविक है। मगर यूरोप और अमेरिका में अर्थव्यवस्थाएं उस मुकाम पर हैं, जहां उनके लिए तेज रफ्तार से बढ़ना करीब-करीब नामुमकिन है। यही वजह है कि वहां महंगाई व ऊंची ब्याज दरें बहुत बड़ी मुसीबत बनकर उभरी हैं।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इसी साल जर्मनी, जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। दूसरी तरफ यह खबर आ रही है कि लगातार तीसरी तिमाही में जर्मनी की अर्थव्यवस्था में कोई बढ़त नहीं हुई है। अब जीरो ग्रोथ की समस्या से जूझता जर्मनी जापान को पीछे छोड़नेवाला है, यह अनहोनी कैसे? इसका जवाब मुद्रा बाजार में है। जापान की मुद्रा येन कमजोर हो रही है, जिसका असर है कि डॉलर में हिसाब जोड़ने पर जर्मनी की अर्थव्यवस्था अब जापान को पीछे छोड़ रही है। भारत अभी इन दोनों से पीछे है, लेकिन एसऐंडपी की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि 2030 तक भारत इन दोनों को पीछे छोड़कर चीन और अमेरिका के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

यहां यह ध्यान रखना चाहिए कि देशों की सूची में ऊपर जाने के बावजूद दुनिया के व्यापार में भारत का हिस्सा अभी काफी कम है। अगस्त में आए आंकड़े बताते हैं कि इस साल की पहली छमाही में भारत से कुल निर्यात बढ़कर 800 अरब डॉलर के पार चला गया है, वहीं चीन से 3.60 लाख करोड़ डॉलर का निर्यात हुआ है और वह निर्यातकों की सूची में शीर्ष पर है। कोरोना के बावजूद भारत से निर्यात बढ़ना अच्छी खबर है, पर सर्विसेज के अलावा यहां से निर्यात होने वाली चीजों की लिस्ट में सबसे ऊपर रिफाइंड पेट्रोलियम, हीरे, दवाएं, ज्यूलरी व चावल शामिल हैं।

दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले देश हथियारों और लड़ाई के साज-सामान बेचकर मोटी रकम कमाते हैं। इस सूची में भारत जगह बनाने की कोशिश तो कर रहा है, मगर अभी वह शीर्ष के 25 देशों में भी शामिल नहीं है। करीब 50 निजी कंपनियां हैं, जो रक्षा सामग्री निर्यात कर रही हैं। आकाश मिसाइल, ब्रह्मोस, पिनाका, डॉर्नियर और कई तरह के उपकरणों व वाहनों के लिए दुनिया में मांग है और पिछले सात-आठ साल में देश से रक्षा निर्यात करीब दस गुना बढ़कर 16 हजार करोड़ रुपये पर पहुंच चुका है, लेकिन अब भी भारत हथियारों के सबसे बड़े खरीदारों में शामिल है और बेचने वालों की सूची में ऊपर हैं- अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और जर्मनी। जाहिर है, दुनिया के किसी कोने में भी लड़ाई होने की खबर इन देशों के लिए खुशखबरी की तरह नहीं, तो कम-से-कम अर्थव्यवस्था के लिए राहत की तरह जरूर आती है।

दुनिया भर में रक्षा पर खर्च 2,240 अरब डॉलर पर पहुंच चुका है। इसका बड़ा हिस्सा हथियारों के कारोबार में ही जाता है। मगर जहां कुछ समय पहले तक हथियार बेचने वाले देशों के लिए यह ऐसा कारोबार था, जहां वे भुस में आग लगाकर दूर खड़ी जमालो की तरह मुनाफा गिनते रह सकते थे, अब यह काफी मुश्किल होता जा रहा है। खासकर मंदी से जूझती दुनिया के लिए किसी भी कोने में ऐसी लड़ाई महंगी पड़ रही है। शायद इसीलिए अब यह सवाल वापस उन देशों की सरकारों को घेर रहा है कि हथियारों की अंधी होड़ का उनकी अपनी जनता के लिए क्या हासिल रहा?

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# उत्तराखंड राज्य को समय के हिसाब से तैयार रखना होगा

मोहन भंडारी, लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड)

देश के एक महत्वपूर्ण राज्य उत्तराखंड की बात हम जब करते हैं, तो यह आवश्यक हो जाता है कि हम संक्षिप्त रूप से विश्व पटल पर हो रही बहु-रणनीतिक और बहु-राजनीतिक उथल-पुथल का आकलन कर जमीनी स्थितियों को खासकर दक्षिण एशिया, भारत, उत्तराखण्ड के संदर्भ में समझ लें। आज विश्व में भारत एक विशिष्ट स्थान बना चुका है। भारत एक उभरती हुई आर्थिक और सैन्य शक्ति के रूप में विश्व पटल में जाना जाने लगा है। राष्ट्र का सामरिक और कूटनीतिक नेतृत्व निश्चित रूप से भारत को सही दिशा प्रदान कर रहा है। फलस्वरूप, विश्व के बहुत से देश, विशेष रूप से पड़ोसी देश, हमारे चहुंमुखी विकास को पचा नहीं पा रहे हैं।

उपरोक्त पृष्ठभूमि में उत्तराखंड पर भी राष्ट्र के आंतरिक और बाह्य खतरों का प्रभाव पड़ना निश्चित है। भारत-चीन विवाद का 'मध्य क्षेत्र' मतलब उत्तराखंड का सीमावर्ती इलाका बहुत संवेदनशील और महत्वपूर्ण हो गया है। एक करोड़ से कुछ अधिक आबादी वाले इस पहाड़ी राज्य की दो अंतरराष्ट्रीय सीमाएं हैं। 350 किलोमीटर सीमा चीन से और 275 किलोमीटर सीमा नेपाल से लगी हुई है, दोनों विवादग्रस्त हैं। ऐसा लगता है कि सीमा विवाद आने वाले दिनों में बढ़ता ही चला जाएगा। आपको याद होगा कि नेपाल ने गुंजी - लिपू लेख - लिम्पियाधुरा त्रिकोण (400 किलोमीटर) को अपने नक्शे में दिखा दिया था। अब आश्चर्य है कि नेपाल द्वारा दिखाए गए कुछ हिस्सों को अब चीन ने अपना बताया है। पूरे नेपाल में इस पर चीन का विरोध प्रारंभ हो गया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी ने भी इसकी भर्त्सना की है। वहां के मेयर ने भी अपनी चीन यात्रा स्थगित कर दी थी। चीन वैसे भी नेपाल के काफी हिस्सों को पहले ही कुतर चुका है। नेपाल को चीन बहुत आर्थिक सहायता देता रहा है, इसलिए विगत वर्षों में नेपाल ज्यादातर मूकदर्शी ही रहा है। इससे भारत को भी नुकसान हुआ है।

कुल मिलाकर, चीन और नेपाल का गठबंधन चिंताजनक है और इन दोनों से उत्तराखंड की सीमाओं को खतरा हो सकता है। हमारे उत्तरी इलाकों को- विशेष कर बद्रीनाथ क्षेत्र को खतरा हो सकता है - जो राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है,



जो राष्ट्र की भावना और अस्मिता से जुड़ा है। भारत के प्रधानमंत्री ने अभी हाल में उत्तराखंड के सुदूर सीमांत इलाकों में जाकर और वायु सर्वेक्षण कर अपना स्पष्ट संदेश दे दिया है।

उत्तराखंड की बुनियादी संरचना और सामरिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए समग्र रूप से सोचना बहुत आवश्यक है, तभी राज्य का समग्र विकास संभव है। सीमावर्ती क्षेत्र से पलायन रोकने के पूरे इंतजाम करने चाहिए। उत्तराखंड सीमा तक मजबूत सड़कें बनें। चौड़े पुल बनें, जो सेना के बड़े-बड़े वाहनों का भार ले सकें। रहने की इमारतें और भंडार, आपदा से निबटने की समग्र नीति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभावशाली उपयोग बहुत आवश्यक है। अभी संचार सुविधा कमतर है। करीब 400 गोंवों में कोई कनेक्टिविटी नहीं है। ऐसे उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए, जो यहां के पर्यावरण के अनुकूल हों। बागवानी, फलों की खेती, प्रसंस्करण, कलपुर्जे इत्यादि के छोटे-छोटे कारखाने बनाए जा सकते हैं।

ऐसे विकास कार्यों से ही युवाशक्ति को दशा-दिशा मिलेगी, पलायन पर अंकुश लगेगा। उत्तराखंड में लगभग 1,80,000 सेवानिवृत सैनिक हैं और लगभग 90,000 सेवारत हैं। हर वर्ष काफी संख्या में सैनिक पेंशन पश्चात घर लौटते हैं। यह एक अनुशासित वर्ग है, जिसका सही उपयोग जरूरी है। पूरे पहाड़ी क्षेत्र का सामरिक आकलन हो। सीमा सुरक्षा बढ़ाने के लिए नागरिक व सैन्य समन्वय में राज्य और केंद्र की भागीदारी सुनिश्चित हो। सीमा पर विकास के मामले में हम अभी भी पीछे हैं। भारतीय सीमा में सड़कें पूरी नहीं बनी हैं, जबकि चीन के वाहन तुन्जुन्ला पास (चमोली जिला) पर खड़े दिखाई देते हैं।

ध्यान रहे, कारगिल में 1999 में पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ की प्रथम सूचना चरवाहों ने ही दी थी। उत्तराखंड की बॉर्डर बेल्ट लगभग खाली है और मानव खुफिया तंत्र लगभग समाप्त है। लगभग 3000 गांव भुतहा घोषित किए जा चुके हैं। बाकी गांव भी 50 प्रतिशत खाली हैं। पौड़ी और अल्मोड़ा ज्यादा प्रभावित जिले हैं।

ज्यादा अच्छा यह हो कि उत्तराखंड राज्य सामरिक रूप से महत्वपूर्ण 13 हिमालयी राज्यों को एक सूत्र में बांधने की पहल करे, इससे राज्य का समग्र और चहुंमुखी विकास होगा। उत्तराखंड का युवा वर्ग भारत की सशत्र सेनाओं में जाना चाहता है, क्यों न हम उनके स्वप्नों की उड़ानों को साकार करें। इस विषय पर अगर राज्य सहायता करे, तो कुमायूं के 6 जिलों को कुमायूं रेजिमेंटल सेंटर, रानीखेत और गढ़वाल के 7 जिलों के नवयुवकों को गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, लेन्सडाउन में प्रशिक्षित किया जा सकता है। उत्तराखंड में स्थाई इंटेलिजेंस यूनिट तैयार करना भी जरूरी है, ताकि दूरदराज के इलाकों से सूचना जल्दी पहुंच सके। उत्तराखंडी सैनिकों के वीरता के गाने आज भी गांव-गांव में गाए जाते हैं। उत्तराखंडी संस्कृति और संस्कारों में सेना की अमिट छाप है और इस छाप को और गहरा करने की जरूरत है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# खुशी के साथ जरूरी भी है चौकसी

क्षमा शर्मा

उत्तर भारत में नवरात्रि से लेकर दिवाली तक त्योहार ही त्योहार होते हैं। आजकल त्योहारों का मौसम ही चल रहा है। इन दिनों में बच्चों की खुशी देखने लायक होती है। एक तो छुट्टियां दूसरे घर में बनते पकवान, घर के अन्य सदस्यों, नाते, रिश्तेदारों, माता-पिता के मित्रों उनके बच्चों से मिलना-जुलना। हर रोज के उत्सव और पार्टियां भी। अक्सर परिवारों में अन्यों से पहले बच्चों की पसंद की खाने-पीने की चीजें बनती हैं। आखिर ऐसा और कौन-सा दूसरा वक्त होगा जब सब कुछ मन का हो रहा हो। बच्चों के खेल-कूद और धमा-चौकड़ी का भी यही समय होता है।

इन दिनों बाजार में तरह-तरह के खिलौनों की भरमार होती है। तीर कमान, गत्ते और टीन की तलवारें, पटाखे भी खूब मिलते हैं। टोलियों में निकले बच्चे इन्हें खूब चलाते भी हैं। लेकिन तीर, कमान या तलवारें खतरनाक भी हो सकती हैं, यह उन्हें मालूम नहीं होता। माता-पिता या घर के बड़े खरीदकर तो देते हैं लेकिन इनके प्रयोग में क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, ये नहीं बताते। बताते भी हैं तो खेल दीवाने बच्चे शायद इस पर ध्यान नहीं देते। यों भी बच्चों की दुनिया में खतरों की कोई जगह नहीं होती। यहां कुछ उदाहरण याद आ रहे हैं। शायद इनके बारे में पढ़कर हम कुछ सचेत हों।

यह लगभग पैंतीस साल पहले की बात है। पड़ोस में एक परिवार रहता था। नौकरीपेशा लोग थे। उनके दो बच्चे थे। बड़ा बेटा पांच-छह साल का था, दूसरा उससे छोटा। दोनों बच्चे अपने पिता के साथ दशहरा मेला देखने गए थे। वहां से उन्होंने अन्य सामान के साथ तीर-कमान भी लिए। अगले दिन ये बच्चे घर के सामने की सड़क पर अपने दोस्तों के साथ खेलने लगे। दोस्तों के पास भी अपने-अपने तीर-कमान थे। वे अपने को दशहरे मेले में देखी तीरंदाजी का सबसे बड़ा नायक समझ रहे थे। कुछ बच्चों को पता तो होता नहीं कि तीर उस दिशा में चलाना चाहिए जहां कोई न खड़ा हो। न उन्हें किसी ने बताया ही होगा। बस एक बच्चे ने तीर चलाया तो वह पड़ोसी के बड़े बेटे की आंख में जा घुसा। और आंख हमेशा के लिए चली गई। परिवारजन बच्चे को न जाने किस-किस अस्पताल में ले गए लेकिन कुछ नहीं किया जा सका। माता-



पिता हमेशा इस बात के लिए खुद को कोसते कि जिस तीर कमान-को वे खेलने की चीज समझ रहे थे, क्या पता था कि किसी और बच्चे के चलाए तीर के कारण उनके बच्चे की आंख चली जाएगी। यों किसी भी बच्चे के साथ वह दुर्घटना हो सकती थी जो उनके बच्चे के साथ हुई। डाक्टर्स कहते हैं कि इन दिनों उनके पास बड़ी संख्या में ऐसे रोगी आते हैं जिनकी आंखों में चोट लगी होती है। इनमें बड़ी संख्या में बच्चे होते हैं। वे इस तरह के खिलौने से खेलने के लिए भी मना करते हैं। इसीलिए अगर घर वाले बच्चों को ऐसे खिलौने दिलवा भी रहे हैं तो उनका सावधानी से प्रयोग करना भी उन्हें सिखाएं।

दूसरी घटना भी एक बच्चे से ही जुड़ी है। दिवाली का दिन था। एक बच्चा बहुत से पटाखे लाया था। रात के वक्त कुछ देर तक तो मां साथ में खड़ी होकर पटाखे चलवाती रही लेकिन फिर वह किसी काम से अंदर चली गई। आखिर त्योहार के दिनों में घर वालों को वैसे ही बहुत काम होते हैं। इधर बच्चे ने एक पटाखा जलाने की कोशिश की, वह नहीं जला तो उसने उसे जेब में रख लिया। और दूसरा पटाखा जलाने की कोशिश करने लगा। इतने में जेब में रखा अधजला पटाखा फट गया। बच्चे ने सिंथेटिक कपड़े पहन रखे थे, वे पूरी तरह से शरीर से चिपक गए। इसलिए वह बुरी तरह से झुलस गया। बच्चे की चीखें सुनकर घर वाले और पास पड़ोसी दौड़े आए। बच्चे के माता-पिता उसे लेकर अस्पताल दौड़े। बहुत दिनों तक उसका इलाज चलता रहा। मगर वह ठीक नहीं हो सका। माता-पिता आज इतने साल बाद भी बच्चे को याद करके रोते हैं। सोचते हैं कि जब बच्चा पटाखे जला रहा था तो काश वे उसके साथ होते। शायद उसके साथ वह न होता जो हुआ।

आपने ध्यान दिया होगा कि दिवाली पर अक्सर जगह-जगह आग लगने की सूचनाएं आती रहती हैं। बहुत से लोग दुर्घटनाओं का शिकार भी होते हैं। इस अवसर पर अस्पतालों में अलग से बर्न वार्ड बनाए जाते हैं जिससे कि आग और पटाखों से घायल होने वाले लोगों का जल्दी और सही ढंग से इलाज किया जा सके। ऐसी दुर्घटनाएं होती भी बहुत हैं।

तीसरी घटना हाल ही में एक बच्ची से जुड़ी है। वह भी मेले से टीन की तलवार खरीदकर लाई थी। एक दिन घर के आंगन में टीन की तलवार से खेल रही थी। न जाने उसे क्या सूझा कि वह उसे पेट में घुसाकर खेलने लगी। अचानक तलवार पर जोर पड़ा और वह नुकीली होने के कारण पेट में घुस गई। वह तो खैरियत थी कि अस्पताल पास में था और तलवार बहुत ज्यादा गहरी नहीं घुसी थी। इसलिए बच्ची ठीक हो गई।

ये मात्र तीन घटनाएं हैं लेकिन इनके बारे में जानकर अंदाज लगाया जा सकता है कि देशभर में ऐसी न जाने कितनी घटनाएं होती होंगी। जिनके कारण बच्चों और उनके घर वालों की जान आफत में आ जाती होगी। बच्चों को खिलौने जरूर दिलाएं मगर क्या जरूरी है कि वे ही खिलौने हों जिनसे उन्हें गम्भीर चोट लग सकती है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस चुनाव कार्यालय का हुआ व उद्घाटन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 को महज़ कुछ ही दिन शेष बचे हैं ऐसे में कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव को लेकर पूरा दमखम लगा रही है। पाली-तानाखार विधानसभा से इस बार कांग्रेस पार्टी ने महिला उम्मीदवार को चुनावी मैदान में उतारा है। जिसे लेकर क्षेत्र की महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्राम पाली में कांग्रेस पार्टी के चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन कांग्रेस प्रत्याशी दुलेश्वरी सिदार के हांथो सम्पन्न हुआ। उद्घाटन से पहले कांग्रेस प्रत्याशी दुलेश्वरी सिदार ने पाली के विभिन्न धार्मिक स्थल जय बुडादेव शक्ति पीठ, शिव मंदिर, महामाया मंदिर, हनुमान मंदिर आदि में दर्शन कर आशीर्वाद मांगा, जिसके बाद चुनाव कार्यालय पहुंच कर विधिवत पूजा-अर्चना और फीता काटकर चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। उक्त अवसर पर अतिथियों ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और केंद्र की बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी दुलेश्वरी सिदार ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने पाली-तानाखार विधानसभा से महिला प्रत्याशी का चयन कर नारी शक्ति को आगे बढ़ने का अवसर दिया है इसके लिए वे कांग्रेस पार्टी का दिल से धन्यवाद देती हैं। छत्तीसगढ़ में इस बार फिर से कांग्रेस की सरकाए बन रही है।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के कामों और विकास को लेकर वे चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने इस बार फिर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया है। इसके लिए भूपेश सरकार के कामों पर एक बार फिर जनता के बीच जाएंगे। कांग्रेस नेता प्रशांत मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि लगभग पांच साल पहले आप लोगों ने कांग्रेस पर भरोसा जताते हुए तीन चौथाई बहुमत देकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। कांग्रेस सरकार ने आपके भरोसे पर खरा उतरते हुए कई ऐतिहासिक फैसले लिए जिससे प्रदेश के किसान, मजदूर सहित सभी वर्गों का उत्थान हुआ है। हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़िया संस्कृति को सहेजने के लिए कई कार्य किए जिससे आज सबको लगता है कि अब प्रदेश में उनकी अपनी छत्तीसगढ़िया सरकार है। पाली-तानाखार से हमेशा से कांग्रेस पार्टी भारी मतों से विजयी होते आई है और इस पार्टी ने महिला प्रत्याशी को लंबे समय बाद मौका दिया है इस लिए महिलाओं को साथ में कंधा से कंधा मिलाते हुए जीत दिलाना है।

### भाजपा प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल ने घर-घर जनसंपर्क कर जन आशीर्वाद लिया

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल ने दीपका क्षेत्र ऊर्जा नगर और दीपका बस्ती में घर-घर जनसंपर्क कर जन आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसंपर्क में पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने बड़े ही गर्मजोशी के साथ प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल का स्वागत किया। वार्डवासियों ने क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने विभिन्न समस्याओं से भाजपा प्रत्याशी पटेल को अवगत कराया। वहीं भाजपा प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल ने वार्डवासियों से कहा कि निश्चित तौर पर कांग्रेस विकास के नाम पर केवल वहावही कर जनता को गुमराह करने के काम किया है, भाजपा प्रत्याशी पटेल ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद की जरूरत है, इस बार बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी और कटघोरा का विकास तेजी से होगी, आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा मंडल दीपका के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में स्थानीय वार्डवासी की उपस्थिति थी।

### मतदाता जागरूकता में बलरामपुर के नाम दो वर्ल्ड रिकार्ड

# राज्य की सबसे उंची चोटी गौरलाटा में 15 हजार मतदाताओं ने बनाई मानव श्रृंखला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर। छत्तीसगढ़ की सबसे उंची चोटी गौरलाटा में 15 हजार से अधिक लोगों की मानव श्रृंखला बनाने के लिए बलरामपुर-रामानुजगंज जिले का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया। रविवार को आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में मानव श्रृंखला बनाने के लिए लोगों ने 12 किलोमीटर की चढ़ाई पूरी की। दूसरा वर्ल्ड रिकार्ड हस्ताक्षर अभियान के लिए दर्ज किया गया है।**



छत्तीसगढ़ राज्य की सबसे उंची चोटी गौरलाटा की उंचाई समुद्र तल से 1225 मीटर है। यहां मानव श्रृंखला बनाने के लिए कुसमी ब्लाक के ग्राम पंचायत इदरीपाट से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आर.एक्का, एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, डीएफओ विवेकानंद झा की अगुवाई में मतदाताओं ने चढ़ाई शुरू की। 15 हजार से अधिक विभिन्न वर्गों के मतदाताओं ने 12 किलोमीटर के दुर्गम एवं पथरीले मार्ग से पैदल चलकर गौरलाटा में मानव श्रृंखला बनाई।

मानव श्रृंखला में हर आयुवर्ग के लोग शामिल हुए। इनमें बुजुर्ग व दिव्यांग भी शामिल थे। मानव श्रृंखला बनाने के साथ सभी को आगामी विधानसभा में मतदान की शपथ दिलाई गई। जिले में 17 नवंबर को मतदान होना है। मानव श्रृंखला में जिपं सीईओ रेना जमील, सहित अधिकारी,कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हर आयुवर्ग के मतदाता एवं स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

#### 3.94 लाख हस्ताक्षर कर बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

मतदाता जागरूकता के तहत जिले के ग्राम पंचायतों में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें एक ही दिन में 03 लाख 94 हजार मतदाताओं ने अपना हस्ताक्षर कर मतदान करने की शपथ ली थी। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

#### मानव श्रृंखला को भी वर्ल्ड रिकार्ड में स्थान

गौरलाटा में बनाए गए मानव श्रृंखला को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की स्टेट हेड सोनल राजेश शर्मा द्वारा जिले को दोनों वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## मुफ्त शिक्षा से प्रदेश में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा - दीपक बैज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। केजी से लेकर पीजी तक मुफ्त शिक्षा से प्रदेश में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार फिर बनने पर प्रदेश के हर वर्ग के लिए शिक्षा मुफ्त हो जाएगी। छत्तीसगढ़ देश का अकेला ऐसा राज्य होगा जहाँ मेडिकल की खर्चीली पढ़ाई भी निशुल्क होंगी, इंजिनियरिंग, आईटीआई जैसे टेक्निकल कोर्स भी मुफ्त मे पढ़ाये जायेगे।यह कांग्रेस की जनसरोकारों के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं।**

शिक्षा किसी भी समाज को प्रगति पथ पर ले जाने का सबसे शशक्त माध्यम होता हैं। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नें शिक्षा को बढ़ावा देने को अपनी प्राथमिकता मे रखा 727 से अधिक स्वामी आत्मानंद स्कूल खोल कर राज्य के बच्चो के लिए मुफ्त अंग्रेजी शिक्षा उपलब्ध करवाया है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा कांग्रेस के द्वारा की जा रही घोषणाओ से घबरा गई। यही कारण है कि भाजपा के नेता अनर्गल बयानबाजी पर उतर आये है। किसानों की कर्ज माफी के बाद अब बच्चों की मुफ्त शिक्षा का भी भाजपा विरोध कर रही है। 2023 में पुनः सरकार बनने पर 2018 की तर्ज़ पर किसानों की कर्जमाफी होगी, 20 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी होगी, छत्तीसगढ़ आवास न्याय योजना के माध्यम से गरीबों के लिए 17 लाख 50 हजार आवास बनाया जायेगा, जातिगत जनगणना करवा कर प्रदेश के वंचित वर्ग के लोगो की योजना बनाई जायेगी। 'वनोपजों की खरीदी पर एमएसपी के ऊपर 10 प्रतिशत अतिरिक्त मूल्य दिया जायेगा। तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4000 रूपये प्रतिवर्ष इनपुट सब्सिडी/सहायता राशि प्रदान की जायेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि इस राज्य में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बन रही है। चुनाव में कांग्रेस सरकार के काम और जनकल्याणकारी योजनाएं कांग्रेस सरकार का ब्रह्मास्त्र होगी। भाजपा के पास कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा हवाहवाई और काल्पनिक मुद्दों पर प्रदेश में राजनीति करना चाह रही जिसके कारण वह जनता से और दूर होते जा रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने के बाद कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा और बढ़ते गया, 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनावों में जनता ने भाजपा को नकार दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में हताशा है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इस चुनाव में छत्तीसगढ़ के किसान, युवा, आम आदमी की और बेहतरी तथा पिछले पांच सालों में किये गये कामों को आगे बढ़ाना कांग्रेस का लक्ष्य है।

### पेंशनर संघ की बैठक सम्पन्न

**कोरबा।** भारतीय स्टेट बैंक आईटीआई रामपुर शाखा के बैंक मैनेजर बिंदेश्वर कामत की अध्यक्षता में होटल टॉप इन टाउन में बैठक आयोजित हुई जिसमें श्री कामत ने अपने विचार रखें और उन्होंने कहा कि पेंशनर साथियों को हमारे बैंक से किसी प्रकार की कोई भी समस्या हो तो सीधे मेरे से संपर्क करें। अध्यक्ष आर के शर्मा ने पेंशनर साथियों की समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। इस महत्वपूर्ण बैठक में आर के शर्मा, प्यारेलाल चौधरी, नागेश चंद गौराहा, अजय पांडे, जेपी श्रीवास्तव, राजेंद्र जोशी, संत राम दिवाकर उपस्थित थे।

## एनएसयूआई व युवा कांग्रेस की बैठक सम्पन्न, गुरूरुद्र कुमार हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नवागढ़।** मुख्यालय में स्थित कांग्रेस कमेटी की नवीन भवन में दिन शनिवार को दोपहर 12:00 बजे भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के नेतृत्व में एनएसयूआई व युवा कांग्रेस नवागढ़ के सभी पदाधिकारियों की आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जगतगुरु रुद्र कुमार के साथ बैठक रखी गई जिसमें संगठन की विस्तार व आगामी विधानसभा चुनाव में नवागढ़ विधानसभा के कांग्रेस पार्टी को प्रचंड मतों से जीत दिलाने व पूरे प्रदेश में पुनः कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई साथ ही कांग्रेस पार्टी की योजनाओं को जान जनतक पहुंचने की विषयों पर चर्चा भी हुई जिसमें बड़ी संख्या में एनएसयूआई व युवा कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे नवनियुक्त



एनएसयूआई के पदाधिकारी परमेश्वर पात्रे शिखा गेडाम अजीत चतुर्वेदी ने जगत गुरु को पन्छा भेट कर आभार व्यक्त किया सभा को संबोधित करते हुए जगतगुरु ने सभी का साथ मिल कर काम करने व संगठन की मजबूती की बात कही व किसी के मान सम्मान में मैं कभी कमी नहीं आने दुंगा व सभी की शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

## भय मुक्त वातावरण में निष्पक्ष, चुनाव कराने पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** आसन्न विधानसभा चुनाव जिले में भय मुक्त वातावरण निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने प्रशासन व पुलिस की तैयारियां पूर्ण है। प्रदेश में आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन व पुलिस की टीमें आचार संहिता का पालन कराने की दिशा में सार्वजनिक स्थानों एवं शासकीय कार्यालय, भवनों में राजनैतिक दलों के पूर्व से लगे बैनर, पोस्टर, स्लोगन इत्यादि हटाने की कार्यवाही अमल में लाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कोरबा के मार्गदर्शन पर निष्पक्ष निर्वाचन कराने हेतु स्थैतिक निगरानी दल, उडनदस्ता के साथ प्रशासन व पुलिस अधिकारीगण



लगातार राजनैतिक दलों के प्रचार प्रसार, प्रचार-सामाग्रियों एवं मादक पदार्थों के परिवहन पर निगाह रखी जा रही है।


इसी क्रम में रविवार की शाम जिलेवासियों को सुरक्षा का बोध कराने प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली से लेकर शहर के मुख्य चौक चौराहे से होते हुए कोसाबाड़ी तक फ्लैग मार्च निकला गया। जिसमें जिला प्रशासन और पुलिस के तरफ से कुल 500 से अधिक अधिकारी कर्मचारी हिस्सा लिए। कोरबा शहर में पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा श्री जितेंद्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री भूषण एक्का , नगर पुलिस अधीक्षक दर्री श्री रॉबिंसन गुड़िया, हेडक्वार्टर डीएसपी श्रीमती प्रतिभा मरकाम, जिला प्रशासन की ओर से एडीएम प्रदीप साहू, नगर कोतवाल रूपक शर्मा, और जिले के सभी अधिकारी कर्मचारी के साथ प्रशासन की टीम व सुरक्षा बलों ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में पैदल फ्लैग मार्च किया गया । फ्लैग मार्च दौरान प्रशासन व पुलिस अधिकारियों द्वारा आमजन को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई । आमजन चुनाव प्रभावित करने संबंधी किसी प्रकार की सूचना पुलिस के हेल्पलाइन नंबर डायल 112 एवं कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9479193399 पर किसी भी समय दे सकते हैं।

### उपायुक्त पी सी सार्वा ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की ली बड़ी बैठक

# त्योहारी सीजन को देखते हुए शत प्रतिशत कचरा कलेक्शन के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज


**धमतरी।** नगर निगम धमतरी के उपायुक्त पी सी सार्वा ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की बड़ी बैठक ली। उन्होंने त्योहारी सीजन को देखते हुए शत प्रतिशत कचरा कलेक्शन करने के निर्देश दिए है। दीपावली का त्योहार आते ही सभी के घरों में साफसफाई शुरू हो जाती है वही बहुत सारे पुराने सामान भी इस दौरान निकलते हैं, जिसको देखते हुए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन पूर्ण रूप से करने के निर्देश उपायुक्त ने बैठक में दिए हैं। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को और भी तत्परता से



करें। इसको लेकर निगम ने भी सभी से सहयोग की अपील की है और कहा है कि कचरे को बाहर न फेके, कचरा और गंदगी न फैलाएं और न ही नाली में डालें। कचरे को अलग-अलग सुखा कचरा पृथक से तथा गीला कचरा पृथक से रखें। सूखा कचरा नीला डस्टबिन में तथा गीला कचरा हरे डस्टबिन में रखकर ही प्रदान करें। बैठक में स्वच्छता दीदी जो कि डोर टू डोर कलेक्शन करती है तथा स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर जो सार्वजनिक एवं अन्य स्थानों से कचरा उठाने का काम करते हैं तथा सफाई का कार्य करते हैं इन्हें समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश उपायुक्त ने दिए हैं। उन्होंने सभी शहरवासियो से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, कहीं भी कचरा पसारने तथा फैलाने से हमें बचाना चाहिए, अन्यथा गंदगी बीमारी को न्यौता देगा।

उल्लेखनीय है कि आयुक्त विनय कुमार पोयाम के निर्देश पर लगातार स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों को सफाई के प्रति जागरुक करते हुए परिवर्तन लाने का काम किया जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि लोग सफाई वाहन को ही कचरा प्रदान कर रहे हैं।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578




Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

**खास खबर...**




## प्रेक्षक मीर तारिक अली ने किया स्ट्रांग रूम का अवलोकन

**रायपुर (ए)।** आरंग विधानसभा क्रमांक-52 के प्रेक्षक (सामान्य) मीर तारीक अली ने स्ट्रॉग रुम, का अवलोकन किया। साथ ही सामग्री वितरण एवं वापसी, बसों की व्यवस्था, पार्किंग, सिलग्न मैनपावर के वेलफेयर तथा मशीनों की सुरक्षा की जानकारी ली। इस अवसर पर आरंग विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर अतुल विश्वकर्मा, एसडीओ पीडब्ल्यूडी प्रभात सक्सेना, आलोक वर्मा उपस्थित थे।

## शरद पूर्णिमा पर कलाकारों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

**रायपुर।** ग्राम खरोरा में शरद पूर्णिमा पर सार्वजनिक नव दुर्गोत्सव समिति बस्ती पारा के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जय मां महामाया डांस ग्रुप कुकरा के कलाकारों ने अनेक गीतों में शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही नूतन और बुलबुल महासमुंद ने जबरदस्त नृत्य कर खूब तालियां बंटोरी। इसके अलावा जय मां शीतला डांस ग्रुप खरोरा, राशि, प्रेक्षा, अन्नु, मानवी, कुसुम बोरसी, प्रिया, गोपाल, साक्षी, भारती खरियार रोड, पारूल, सुखदेव बैगा ने भी शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर लक्की, संदीप, पंकज, धनंजय, राजू, अमर, नीलेश, भास्कर, निखिल, गौरव, डीसिल, नानू, हेमू, प्रताप, गगन, खिलेश, भीखमचंद, शुभम, गंगी, गुलशन, रितिक, नवीन, रोहन, तेजा, देवदत्त, दुर्गेश उपस्थित रहे। उक्त जानकारी संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने दी।

## आज समाज के रिफॉर्मेशन की जरूरत : मॉडरेटर

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ व चर्च ऑफ नार्थ इंडिया में रविवार को रिफॉर्मेशन संडे मनाया गया। राजधानी सेंट पॉल्स कैथेड्रल में महा धर्माचार्य द मोस्ट मॉडरेटर बिजय के. नायक आराधना में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर समाज के रिफॉर्मेशन की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ डायसिस निरंतर आत्मिक उन्नति की ओर बढ़ रही है। यह खुशी की बात है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिव व आयोजन के जनरल कन्वीनर नितिन लॉरेंस डीईसी मेंबर जयदीप रॉबिंसन भी मौजूद थे। प्रवक्ता जॉन राजेश पॉल ने बताया कि सीएनआई का राष्ट्रीय प्रार्थना महोत्सव अब अगले साल गुजरात डायसिस में होगा। राजधानी में पिछले दिनों देश के पहले प्रार्थना महोत्सव की शुरूआत की गई। इस दौरान भारत के साथ ही संपूर्ण के लिए दुआ मांगी गई। चर्च ऑफ नार्थ इंडिया के मॉडरेटर बिजय के. नायक की अध्यक्षता में व छत्तीसगढ़ डायसिस के बिशप एसके नंदा की अगुवाई में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम के लिए कई समितियों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। इन सभी के कन्वीनरों व सदस्यों को रविवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इनमें प्रार्थना कमेटी रेव्ह सुनील कुमार कन्वीनर, पादरी सुषमा कुमार, पादरी सुबोध कुमार, डॉ राकेश सालोमन जाइन्ट कन्वीनर शामिल हैं।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने राजधानी में की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# भूपेश सरकार में प्रदेश का किसान खुश, आरक्षण के लिए जाति जनगणना को बताया जरूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने रविवार को रायपुर स्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर बीजेपी सरकार और कांग्रेस सरकार का तुलनात्मक ब्यौरा पेश किया। उन्होंने कहा कि रमन राज में कृषि व्यवस्था लचर थी। किसान परेशान थे। दावा किया कि भूपेश सरकार में किसान खुश हैं। सरकार किसानों का ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में कांग्रेस ने जो घोषणाएं की हैं, उसे घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा कि अगर कोई आरक्षण का समर्थन करता है तो जाति जनगणना जरूरी है क्योंकि इससे समाज के विभिन्न वर्गों के लिए कोटा प्रक्रिया तय करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि जब बाघों और हाथियों की गिनती की जा सकती है, तो देश में जाति जनगणना क्यों नहीं हो सकती?




चिदंबरम कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में रविवार को पत्रकारवार्ता ले रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें पता होना चाहिए कि कितने लोग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, गैर पिछड़ा वर्ग से हैं। बिना डेटा के हम आरक्षण कैसे निर्धारित कर सकते हैं? यदि आप आरक्षण का समर्थन करते हैं, तो आपको जाति गणना का भी समर्थन करना चाहिए। किसानों के लिए ऋण माफी की आवश्यकता पर उन्होंने कहा कि अगर कृषि को टिकाऊ बनाए रखना है तो उसे लाभदायक बनाना होगा। चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा कोई एक माडल नहीं है जो पूरे भारत में लागू हो। जो एक माडल, एक राशन कार्ड, एक चुनाव, एक यह और एक वह में विश्वास करता है, वह नरेन्द्र मोदी हैं। मैं इसमें विश्वास नहीं करता। प्रत्येक राज्य की अलग-अलग परिस्थितियां हैं। अलग-अलग जरूरतें हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नक्सली हिंसा में गिरावट का बड़ा श्रेय भूपेश बघेल सरकार को जाना चाहिए। यही नहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस नेताओं ने तुलनात्मक ब्यौरा पेश कर भाजपा के 15 वर्ष के कार्यकाल पर गंभीर आरोप लगाए।

### दोबारा कांग्रेस सरकार बनने पर इन घोषणाओं को पूरा करने का वादा

- सरकार द्वारा प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदेगी।
- बकाया कृषि ऋण माफ किये जायेंगे।
- कांग्रेस सरकार जातीय जनगणना कराएगी।
- मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 17.50 परिवारों को आवास उपलब्ध कराये जायेंगे।
- तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4000 रू. वार्षिक प्रोत्साहन देगी।
- लघु वन उपज के एमएसपी में सरकार आने पर प्रति किलो 10 रुपये. बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की।
- केजी से पीजी तक सरकारी स्कूल-कॉलेजों में कोई फीस नहीं।
- भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में मिलने वाली राशि 7000 रू. में 3000 रू. को बढ़ोतरी कर 10000 रू. प्रतिवर्ष दिया जायेगा।
- डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थय सहायता के तहत गरीब वर्ग के हितग्राहियों को अब 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा और अन्य सभी लोगो को 50 हजार से बढ़कार 5 लाख तक मुफ्त ईलाज की सुविधा मिलेगी।

### हजारों किसानों ने की आत्महत्या

भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के अंत में, कृषि गहरे संकट में थी। मई 2003 से नवंबर 2018 के बीच, हजारों किसानों ने अपनी जान ले ली। 2017 में, सरकार ने 21 जिलों की 96 तहसीलों में सूखे की घोषणा की, लेकिन किसानों को फसल बीमा योजना के तहत वादा की गई राशि नहीं मिल पाई। भाजपा सरकार वादे के मुताबिक एमएसपी देने में भी विफल रही। शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक विकास सूचकांक के मामले में छत्तीसगढ़ सभी राज्यों में 22वें स्थान पर है। रिपोर्ट से पता चलता है कि 2010 से 2016 के बीच सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन में 12 प्रतिशत की कमी आई।

### कांग्रेस सरकार में किसान खुश

पी चिदंबरम ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के 5 साल ने कृषि को प्राथमिकता ने छत्तीसगढ़ के धान के कटोरे को हरा-भरा बना दिया है। छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन 2018 में 62 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 2022 में 1 करोड़ 7 लाख मीट्रिक टन हो गया है। पिछले 5 वर्षों में सिंचाई सुविधाओं को दोगुना कर दिया गया है, जिससे कई किसान दूसरी फसल उगाने में सक्षम हो गए हैं। लगभग 19 लाख किसानों को लाभान्वित करते हुए 9272 करोड रुपए के कृषि ऋण माफकिये गये। 350 करोड़ रुपये का सिंचाई कर भी माफकिया गया। धान की खरीदी 2640 रू प्रति क्विंटल की दर से की जाती है। प्रत्येक भूमिहीन कृषि मजदूर को वार्षिक वित्तीय सहायता के रूप में 7000 रुपये मिलते हैं। आज, राज्य की जीडीपी में कृषि का योगदान 32 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ में देश में सबसे कम बेरोजगारी दर है - केवल 0.5 प्रतिशत। 5 साल में 5 लाख रोजगार पैदा हुई।

# जुलूस व सभाओं में राजनीतिक पार्टियों को करना होगा नियमों का पालन

**रायपुर (ए)।** विधानसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों को आचार संहिता के नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार, प्रचार के दौरान की जाने वाली सभाओं में दल या अभ्यर्थी द्वारा स्थानीय पुलिस अधिकारियों को किसी भी प्रस्तावित सभा के स्थल और समय के बारे में काफी पहले से सूचित करना होगा ताकि पुलिस यातायात को नियंत्रित करने और शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर सके। दल या प्रत्याशी को सुनिश्चित करना चाहिए कि क्या सभा के लिए प्रस्तावित स्थल पर कोई रोक या निषेधाज्ञा लागू तो नहीं है और यदि ऐसे आदेश मौजूद हैं तो उनका कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। यदि ऐसे आदेशों से किसी छूट की आवश्यकता हो तो अग्रिम रूप से इसके लिए आवेदन करना आदेश प्राप्त किया जाना चाहिए।

### पुतले जलाने का अधिकार नहीं

आचार संहिता के नियमों के अनुसार, किसी भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी द्वारा अन्य राजनीतिक दलों के सदस्यों को




या उनके नेताओं को निरूपित करने वाले पुतलों को ले जाने अथवा जनता के बीच इन पुतलों को जलाने और इस तरह के अन्य प्रकार के प्रदर्शन नहीं किया जाएगा।

### निर्वाचन से यह दिशा-निर्देश

यदि किसी प्रस्तावित सभा के संबंध में लाउड स्पीकरों या किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति या अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता है तो दल या अभ्यर्थी अग्रिम रूप से संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अनुमति प्राप्त करना होगा। सभा के आयोजक सभा में बाधा खड़ी करने वाले या अव्यवस्था पैदा करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों से निपटने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस से सहायता प्राप्त किया जा सकेगा, लेकिन आयोजक स्वयं ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करेंगे।

प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों को प्रचार-प्रसार के लिए जुलूस का आयोजन करने के लिए यह ध्यान रखना होगा कि उन्हें जुलूस शुरू करने का स्थान और समय तय किए जाने वाले मार्गों और जुलूस समाप्त होने का स्थान और समय पहले से ही तय हो जाए। साधारण तौर पर कार्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं होगा। इसके लिए आयोजक स्थानीय पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रम की अग्रिम सूचना देंगे ताकि स्थानीय पुलिस प्राधिकारी आवश्यक व्यवस्था कर सकें। आयोजक यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन इलाकों से जुलूस निकालना है क्या उन इलाकों में कोई प्रतिबंध आदेश तो लागू नहीं है। यदि है तो लागू प्रतिबंध आदेशों का पालन करना होगा। जुलूस को इस प्रकार से विनियमित किया जाएगा कि जहां तक संभव हो यह सड़क के दाहिने तरफ रहे और ड्यूटी पर तैनात पुलिस के निर्देशों और सलाहों का कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा।

# रायपुर में बृहमोहन अग्रवाल ने किया 2 केंद्रीय चुनावी कार्यालयों का शुभारंभ

**रायपुर (ए)।** भाजपा ने रविवार को रायपुर में अपने 2 केंद्रीय चुनावी कार्यालयों का शुभारंभ किया। वरिष्ठ भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किरोड़ीमल धर्मशाला जवाहर नगर में रायपुर पश्चिम के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। यहां से पार्टी की तरफ से राजेश मूणत मैदान में है। वहीं दूसरी तरफ भानपुरी में रायपुर ग्रामीण क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस सीट से मोतीलाल साहू को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। इस मौके पर बृजमोहन अग्रवाल के साथ ही रायपुर सांसद सुनील सोनी, राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, जयंती भाई पटेल, सभी मंडल अध्यक्ष, प्रभारी और पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बृजमोहन अग्रवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपनी पूरी ताकत झोंक देने को कहा। उन्होंने कार्यकताओं से जनता के बीच में जाने, राज्य सरकार की नाकामियों और भ्रष्टाचार से जनता को जागरूक करने को कहा। इतना ही नहीं बृजमोहन अग्रवाल ने पहले की भाजपा सरकार के विकास के कामों को भी याद दिलाने की बात कही। और एक बार फिर विकास के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। बृजमोहन अग्रवाल को अपने बीच पाकर पार्टी कार्यकर्ता भी जोश में भरे दिखाई दिए।

# हम मानें या न मानें, प्रमाद से हमारा प्रेम बहुत पुराना हैः प्रवीण ऋषि

**रायपुर (ए)।** लालगंगा पटवा भवन में चल रही उत्तराध्ययन श्रुतदेव आराधना के छठवें दिवस रविवार को उपाध्याय प्रवर ने प्रमाद, आलस्य और जीवन लक्ष्य के बार में धर्मसभा को बताया। आराधना से पूर्व आज के लाभार्थी परिवार 'रतनदेवी मनोहरमल भंसाली परिवार एवं रतनचंद मदनलाल संचेती परिवार' ने धर्मसभा में आने वाले श्रावकों का तिलक कर उनका स्वागत किया। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी। उन्होंने बताया कि श्रीमद उत्तराध्ययन श्रुतदेव आराधना में शामिल होने वाले श्रावकों की



संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। महावीर के अमृत वचनों का लाभ लेने के लिए दूर-दूर से श्रावक लालगंगा पटवा भवन पहुँच रहे हैं। आज, रविवार को हॉल खचाखच भरा था। धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय प्रावर प्रवीण ऋषि ने कहा कि प्रभु ने जीवन में सहज होने वाले पाप की चर्चा करते हुए उस पाप की मुक्ति का उपाय बताया। तुम महसूस करो, जो तुम्हे मिला है, वो लंबे प्रयासों के बाद मिला है। जिस पाने के लिए तुमने इतनी मेहनत की, उसकी कीमत करो। सुधर्मस्वामी इस अनुत्तरदेशन को सुन रहे हैं। उनकी आँखों के सामने इंद्रभूति गौतम का वो दिन आया, जिस दिन इंद्रभूति गौतम के मन में उदासी आ गई। पृष्ठचंपा से आ रहे थे इंद्रभूति गौतम। जब प्रभु पृष्ठचंपा पधारे थे, उन्हें देखा-सुना और प्रभु बनने की तमन्ना जन्मी। शाल राजा ने प्रभु से निवेदन किया, पुत्र का राज्याभिषेक कर अपने चरणों में दीक्षा के लिए आ रहा हूँ।

# सालासर बालाजी मंदिर में हुआ विराट कवि सम्मेलन

**रायपुर (ए)।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर सालासर बालाजी मंदिर में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। सालासर बालाजी मंदिर सेवा समिति ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की थी।

समिति के अध्यक्ष सुरेश गोयल, कार्यक्रम प्रभारी ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी कर्तव्य अग्रवाल ने बताया कि कवि सम्मेलन में देर रात तक हजारों श्रोताओं ने मंत्र मुग्ध होकर कवि सम्मेलन का मजा लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन पद्मश्री सुनील जोगी ने




किया। डॉक्टर कीर्ति काले, डॉक्टर सुमन दुबे, गौरव शर्मा, दिनेश बावरा और जानी बैरागी जैसे दिग्गज कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की शुरुआत सालासर बालाजी की पूजा आरती के बाद मंच पर दीप प्रज्वलन कर हुआ। सम्मान समिति ने कवियों का सम्मान किया। कविगण श्रोताओं की उपस्थिति और उनकी सराहना से मंत्रमुग्ध थे। श्रोताओं की तालियों की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम का समापन खीर और भोजन प्रसादी के साथ हुआ।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















प्रियंका के अभिनय की फैन हैं भूमि

## अभिनेत्री ने साझा किया देसी गर्ल संग पहली मुलाकात का किस्सा



बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'थैंक्यू फॉर कमिंग' को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। मामी फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री अपने बोल्ड लुक से दर्शकों के बीच तहलका मचा रही हैं। अभिनेत्री की फिल्म को भी दर्शकों की अच्छी खासी प्रतिक्रिया मिल रही है। अब इस बीच भूमि ने अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की तारीफ की है और बताया है कि अभिनेत्री संग उनकी पहली मुलाकात कितनी बेहतरीन रही है।

प्रियंका चोपड़ा की बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। साल 2002 में अभिनय में कदम रखने वाली देसी गर्ल ने दो दशकों से अधिक के अपने करियर में एक लंबा सफर तय किया है। इस बीच अब भूमि पेडनेकर ने हाल ही में साझा किया कि वह पहली बार प्रियंका से अपने स्कूल के दिनों के दौरान मिली थीं, जब अभिनेत्री उनके स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में आई थीं। इसके साथ ही अभिनेत्री ने बताया कि वह मुलाकात उनके दिल में हमेशा के लिए रच-बस गई थी।

मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल के मास्टरक्लास में भूमि पेडनेकर और प्रियंका चोपड़ा का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दोनों आपस में बातचीत में करने में व्यस्त नजर आईं। बातचीत के दौरान भूमि ने याद किया कि कैसे वह पहली बार प्रियंका से मिली थीं। भूमि और प्रियंका के भाई सिद्धार्थ चोपड़ा एक ही स्कूल में गए थे और उनके एनवल फंक्शन के दौरान प्रियंका को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। तब भूमि ने पहली बार प्रियंका को देखा था। भूमि ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, 'हम सभी लोग स्टेज पर परफॉर्मेंस दे रहे थे।

पूरे परफॉर्मेंस के दौरान मैं सिर्फ प्रियंका को ही देख रही थी क्योंकि वह ऐसा समय था, जब मैं एक पल के लिए भी अपनी आंखें उनकी तरफसे हटाना सही नहीं समझ रही थी। मैं बस उस पल को कैद कर के रख लेना चाहती थी। भूमि ने बताया कि परफॉर्मेंस के बाद प्रियंका ने उन्हें पीछे मुड़ कर देखा, जो उनके लिए काफी यादगार बन गया था।

भूमि पेडनेकर के वर्क फ्रंट की बात करें तो बीते दिनों उन्हें महिला केंद्रित फिल्म 'थैंक यू फॉर कमिंग' में देखा गया। भूमि के अलावा शहनाज गिल, कुशा कपिला, शिबानी बेदी, अनिल कपूर भी फिल्म में नजर आए। 'द लेडी किलर' भूमि पेडनेकर की आगामी फिल्म है, जिसमें वह अर्जुन कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी।

## प्रीति जिंटा को बीसीयू से मिलेगी डॉक्टरेट की मानद उपाधि, अभिनेत्री बोलीं- यह मेरा सौभाग्य

अभिनेत्री प्रीति जिंटा फिल्मों से भले ही दूर हैं, लेकिन अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में, प्रीति जिंटा ने बांद्रा में 8.2 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी खरीदी है, जिसे लेकर वह चर्चा में हैं। वहीं, अब अभिनेत्री से जुड़ी नई खबर सामने आई है। अभिनेत्री बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। वहीं, प्रीति जिंटा दिवाली समारोह में मदद करने के लिए अगले सप्ताह वेस्ट मिडलैंड्स का हिस्सा रहेंगी। बता दें कि अभिनेत्री को बॉलीवुड और बिजनेस जगत में दिए योगदान के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने डॉक्टरेट उपाधि को लेकर कहा, 'व्यवसाय और मीडिया की ताकत को देखते हुए बीसीयू से मानद डॉक्टरेट प्राप्त करना एक बहुत बड़ा सौभाग्य है। व्यवसाय और मीडिया मेरे करियर के साथ बहुत अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। बर्मिंघम में दिवाली समारोह का हिस्सा बनने को लेकर प्रीति जिंटा ने कहा, 'मैं बर्मिंघम में दिवाली समारोह का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

# टूथब्रश किसी से न करें शेयर नहीं तो हो जाएगी यह दिमाग की बीमारी, कुछ ऐसे होते हैं लक्षण

मैनिजाइटिस दिमाग से जुड़ी बीमारी है। यह ब्रेन को इफेक्ट करता है। मैनिजाइटिस में ब्रेन के साथ-साथ रीढ़ की हड्डी के आसपास जो लिक्विड और झिल्लियां होते हैं। उसमें सूजन आ जाते हैं। इन झिल्लियों को मेनिन्जेस कहते हैं। मैनिजाइटिस में होने वाले सूजन ज्यादातर सिरदर्द, बुखार और गर्दन के अकड़न पैदा करते हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इसकी शुरुआती कैसे होती है। साथ ही यह भी जानेंगे कि इससे बचने का क्या तरीका है?



### मैनिंजाइटिस का कारण

बैक्टीरियल मैनिंजाइटिस में बैक्टीरिया खून में चला जाता है जिसके कारण दिमाग और रीढ़ की हड्डी तक पहुंच जाता है। बैक्टीरियल मैनिंजाइटिस के कई कारण होते हैं। इसके कारण बैक्टीरियल साइनस और निमोनिया भी हो सकता है।

### क्रोनिक मैनिंजाइटिस

क्रोनिक मैनिंजाइटिस काफी लंबे समय तक शरीर में रहता है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस यह धीरे-धीरे पूरे शरीर को अपना शिकार बना लेता है। यह दिमाग और रीढ़ की हड्डियों के पास की झिल्लियों को काफी ज्यादा प्रभावित करता है। क्रोनिक मैनिंजाइटिस होने में दो सप्ताह या उससे अधिक दिन का वक्त लग सकता है। इसके अलावा ये इन्फ्लूएंजा वायरस की वजह से भी हो सकता है। और फिर आपके ब्रेन तक पहुंच सकता है।

### मैनिंजाइटिस के कारण

मैनिंजाइटिस के कई कारण हो सकते हैं। जब बच्चा मां के पेट में रहता है और उस वक्त अगर ठीक से ख्याल न रखा जाए जो फीटल के जरिए हर्पीस सिम्प्लेक्स वायरस, एचआईवी, वेस्ट नाइल वायरस मैंनिजाइटिस हो सकता है।

### मैनिंजाइटिस के लक्षण

मैनिंजाइटिस होने पर शरीर में कई तरह के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। जैसे- तेज बुखार, ब्रेन में इंफेक्शन। इसके अलावा रीढ़ की हड्डी में सूजन, सिर में दर्द रहना, गले में अकड़न, उल्टी, दौरे पड़ना, भूख न लगना और भी कई सारे लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

### मैनिंजाइटिस से बचना है तो करें ये काम

मैनिंजाइटिस से बचना है तो हाइजीन का खास ख्याल रखें। जैसे- हाथों की सफाई करना, खांसने और छींकने के दौरान मुंह को कवर करना। बैक्टीरिया या वायरस आपके मुंह में घुस तो नहीं रहा है इसका ख्याल रखना। खांसने, छींकने, किस करने या खाने के बर्तन, टूथब्रश या सिगरेट शेयर करने के कारण भी मैनिंजाइटिस बढ़ सकता है। साथ ही छोटे बच्चों के इसका टीका जरूर लगवाएं।

## कहीं आप फ्रोजन शोल्डर के शिकार तो नहीं?

### ऐसे पहचानें, इग्नोर करना हो सकता है खतरनाक

कंधे में दर्द एक आम समस्या है जिसका सामना कई लोग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कंधे का दर्द कई बार फ्रोजन शोल्डर नामक गंभीर स्थिति का संकेत भी हो सकता है? इसमें कंधे की मांसपेशियां अत्यधिक कड़ी और सूजी हो जाती हैं। इससे कंधे में भयंकर दर्द होता है और कंधे को हिलाने-डुलाने में बहुत परेशानी होती है।कई बार तो हाथ उठा भी नहीं पाते। यह एक गंभीर स्थिति है जिसमें मांसपेशियों को नुकसान पहुंच सकता है।



अगर समय रहते इसका इलाज नहीं किया जाता तो यह मांसपेशियों में गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए जब भी कंधे में दर्द हो, हमें सतर्क हो जाना चाहिए। आइए जानते हैं कि कैसे पहचाना जा सकता है कि कंधे का दर्द फ्रोजन शोल्डर का संकेत है, और इससे बचने के उपाय।

### फ्रोजन शोल्डर में क्या होता है

फ्रोजन शोल्डर में क्या होता है, यह समझने के लिए हमें कंधे की बनावट को समझना पड़ेगा। कंधे के जोड़ पर एक कैप्सूल या झिल्ली होती है जो कंधे के जोड़ को ढके रहती है। इस कैप्सूल में एक तरल पदार्थ भरा रहता है जो कंधे के जोड़ को चिकनाई प्रदान करता है और आसानी से घूमने में मदद करता है। फ्रोजन शोल्डर होने पर यह कैप्सूल जकडन् या सूजन का शिकार हो जाता है। इससे कंधे का जोड़ सख्त और अकड़ा हो जाता है। तरल पदार्थ कम होने से जोड़ पर चिकनाई गायब हो जाती है और कंधे को घुमाना-हिलाना मुश्किल हो जाता है।

### फ्रोजन शोल्डर होने पर यह लक्षण दिखाई देते हैं

- कंधे में भारीपन और दर्द महसूस होना।
- कंधे को उठाने या घुमाने में तकलीफ होना।
- कंधे या बांह में झिनझिनी और सुन्नपन महसूस होना।
- कंधे के आस-पास की मांसपेशियों में सूजन आना।
- रात में कंधे का दर्द अधिक बढ़ जाना
- आराम पर भी दर्द में कोई राहत न होना।
- कंधे में मुड़ाव या मोड़ आना।

### फ्रोजन शोल्डर होने पर उसका उपाय

- कंधे की मालिश रोज करें। यह मांसपेशियों को आराम देती है।
- कंधे के व्यायाम जैसे सर्कल मोशन और स्ट्रेचिंग करें। योगा भी फायदेमंद है।
- कंधे पर आइस पैक लगाएं इससे दर्द कम हो सकता है।
- कंधे को अत्यधिक भार न उठाएं।
- खराब बॉडी पोस्चर से बचें जो कंधे पर दबाव डालती है।
- अच्छी नींद और संतुलित आहार लें।

## भोपाल गैस रिसाव त्रासदी पर आधारित द रेलवे मेन का टीजर जारी



नेटफ्लिक्स ने यशराज फिल्म्स के सहयोग से बनी आगामी वेबसीरीज द रेलवे मेन का टीजर जारी कर दिया गया है। इस सीरीज का निर्माण वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। इसकी कहानी भोपाल गैस रिसाव त्रासदी पर आधारित है। अभिनेता आर. माधवन, केके मेनन, दिव्येंदु और बाबिल खान अभिनीत यह सीरीज गुमनाम नायकों की कहानी है।

1 मिनट 24 सैकंड के टीजर में मध्य प्रदेश के भोपाल में 2 और 3 दिसंबर 1984 की रात में हुई गैस त्रासदी को दिखाया गया है। शुरुआत में कारखाने से जहरीली गैस का रिसाव नजर आता है। इसमें भारतीय रेलवे के कर्मचारियों के साहस और अंधेरे में अनगिनत लोगों की जान बचाने के उनके प्रयासों को पर्दे पर उतारा गया है। द रेलवे मेन नेटफ्लिक्स और वाईआरएफ के बीच एक प्रतिष्ठित साझेदारी से स्ट्रीम होने वाला पहला प्रोजेक्ट है। ख्यातनाम निर्देशक एचएस रवैल के पोते और राहुल रवैल के बेटे बेटे शिव रवैल इस सीरीज के जरिए निर्देशन करिअर की शुरुआत कर रहे हैं। इसका 18 नवंबर को दुनियाभर में प्रीमियर होगा। ज्ञातव्य है कि भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड कंपनी के कारखाने से जहरीली गैस का रिसाव होने से 15 हजार से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

## गदर-3 की तैयारी शुरू, 2025 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर होगा प्रदर्शन

अभिनेता सनी देओल, उत्कर्ष शर्मा, अमीषा पटेल, सिमरत कौर और मनीष वाधवा स्टारर गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर वाकई गदर मचाया है। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया और ताबड़तोड़ कमाई की। फिल्म को लेकर सिनेमा लवर्स में तगड़ा क्रेज देखने को मिला था। साल 2001 में गदर रिलीज हुई थी और इसके 22 साल बाद साल 2023 में गदर 2 लेकिन अब गदर 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार नहीं करना होगा।



### कहानी हो गई है क्रैक


बताया जा रहा है कि मेकर्स, गदर 3 में ज्यादा देरी नहीं करने वाले हैं और उन्हें सनी देओल के स्टारडम पर पूरा भरोसा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 2025 के स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी और अगले साल यानी 2024 की शुरुआत में इसका आधिकारिक ऐलान कर दिया जाएगा। यही नहीं रिपोर्ट के मुताबिक 2024 के अगस्त से शूट शुरू हो जाएगा। कहा जा रहा है कि गदर 3 की कहानी क्रैक हो गई है।

### कौन होगा विलेन

अनिल शर्मा फिल्म्स के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर राणा भाटिया ने कहा, अगले पार्ट की कहानी तो क्रैक कर ली गई है। इसे लेकर तैयारियां की जा रही हैं। हम इसे दो साल के भीतर लाने की कोशिश कर रहे हैं। राणा भाटिआ ने बताया है कि सनी देओल की फैमिली, गदर 3 का भी हिस्सा रहेगी लेकिन विलेन को लेकर विचार जारी है। याद दिला दे कि फिल्म के पहले पार्ट में अमरीश पुरी और दूसरे पार्ट में मनीष वाधवा विलेन के रोल में दिखे थे। गौरतलब है कि घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इंडियन सिनेमा की सबसे अधिक कमाई करने वाली तीसरी फिल्म गदर 2 बन चुकी है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म का कुल कलेक्शन 525.45 करोड़ रुपये है। बता दें कि इस लिस्ट में पहले नंबर पर जवान और दूसरे नंबर पर पठान है। ये दोनों ही शाहरुख खान की फिल्में हैं।

## कैसे जानें बालों का झड़ना नॉर्मल है या नहीं, इन संकेतों को न करें अनदेखा

आजकल की लाइफस्टाइल और खानपान के साथ बिजी शेड्यूल से बालों का झड़ना नॉर्मल हो गया है। हर किसी का रोजाना कुछ न कुछ बाल झड़ते हैं और फिर नए बाल उग आते हैं। लेकिन चिंता तब बढ़ जाती है, जब बालों का झड़ना काफी ज्यादा हो जाता है। इसलिए यह समझना सबसे ज्यादा जरूरी है कि जो बाल झड़ रहे हैं वो नॉर्मल हैं या नहीं। तो चलिए जानते हैं कब हेयर फॉल को लेकर अलर्ट हो जाना चाहिए।



### कैसे जानें हेयर फॉल नॉर्मल है

एक शख्स के 50 से 100 बाल हर दिन झड़ते हैं। उनकी जगह नए बाल भी उग आते हैं। इससे बालों के झड़ने और उगने के बीच संतुलन बना रहता है। जब नॉर्मल हेयर फॉल होता है, तब बाल सिर में बराबर संख्या में गिरते हैं। नॉर्मल हेयर फॉल में न बाल पतले और कमजोर होते हैं और ना ही गंजेपन की समस्या का सामना करना पड़ता है।

### कैसे समझें बाल झड़ना नॉर्मल नहीं है

- नहाते समय अगर ज्यादा बाल झड़ रहे हैं तो यह नॉर्मल नहीं है।
- सोते समय तकिए पर बहुत ज्यादा बाल गिरना असामान्य माना जाता है।
- बालों का पतला होना और सिर के ऊपरी हिस्से में अगर बाल लगातार कम हो रहे हैं तो यह नॉर्मल हेयर फॉल नहीं है।
- बालों के दो हिस्सों में बांटते हुए अगर हेयर लाइन यानी मांग में ज्यादा गैप नजर आए तो यह असामान्य है।
- स्कैल्प गंदे या सिर में डैंड्रफ होने से बाल तेजी से झड़ते हैं।
- बालों के झड़ने के साथ अगर स्कैल्प में और हेयर फॉलिकल्स में दर्द हो तो यह गंभीर समस्या की तरफ संकेत हो सकता है।
- बालों के टेक्सचर में बदलाव होने पर यानी बालों का ज्यादा ड्राई होना और आसानी से टूटना असामान्य हेयर फॉल हो सकता है।

### हेयर फॉल नॉर्मल न होने के कारण

- बालों का पतला होना और गंजेपन की शिकायत फैमिली हिस्ट्री की वजह से भी हो सकती है।
- कई बार पीसीओ, प्रेग्नेंसी और मेनोपॉज के दौरान हार्मोंस में बदलाव के कारण असामान्य हेयर फॉल हो सकता है।
- कुछ मेडिकल कंडीशन जैसे थायरॉयड डिसऑर्डर, ऑटोइम्यून डिजीज और पोषक तत्वों की कमी की वजह से भी असामान्य तौर पर बाल झड़ सकते हैं।
- हाई ब्लड प्रेशर, कैंसर ट्रीटमेंट और डिप्रेशन की दवाईयां खाने वालों के बाल झड़ सकते हैं।
- ज्यादा स्ट्रेस लेने के कारण टेलोजन एफ्लुवियम नाम का हेयर फॉल ट्रिगर होने लगता है और हेयर फॉलिकल रूट के रेस्टिंग फेज में एंट्री कर जाते हैं जिससे बाल झड़ने लगते हैं।
- टाइट पोनीटेल या बालों की अलग-अलग स्टाइल भी हेयर फॉल का कारण बन सकता है।

## रविवार को '12वीं फेल' की कमाई में आया उछाल

विधु विनोद चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म '12वीं फेल' को बीते शुक्रवार (27 अक्टूबर) सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं, जिन्होंने IPS अफसर मनोज कुमार शर्मा का किरदार निभाया है। फिल्म में उनकी अदाकारी और इसकी कहानी को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों द्वारा भी काफी सराहा जा रहा है, जिसके चलते रविवार को '12वीं फेल' की कमाई में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। '12वीं फेल' की कमाई के तीसरे दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो बीते 2 दिन के कारोबार के मुताबिक बढ़िया हैं। सैकनिल्क के अनुसार, '12वीं फेल' ने 29 अक्टूबर को 2.80 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 6.42 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म ने 1.11 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी। वीकेंड पर फिल्म की कमाई बढ़ी और इसने शनिवार को 2.51 करोड़ रुपये कमाए।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

### राजनांदगांव व कबीरधाम में राहुल गांधी ने चुनावी सभाएं: केन्द्र सरकार को घेरा, कहा–

# हमने अपना वादा पूरा किया, सरकार बनी तो फिर किसानों का कर्जा होगा माफ

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी रविवार को राजनांदगांव व कबीरधाम में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ा। लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ में धान के समर्थन मूल्य से लेकर सरकार बनने पर कांग्रेस के फोकस पर बात की। इस दौरान राहुल गांधी के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद रहे। राहुल गांधी ने राजनांदगांव में गिरीश देवांगन तथा कवर्धा प्रत्यशी मो अकबर व पंडरिया की प्रत्याशी नीलू चंद्रवंशी के पक्ष में जनसभा की।



चुनावी सभा में राहुल गांधी ने कहा पिछली बार हमने जो वादा किया वह पूरा किया। हमने जो वादा किया उससे आगे निकल गए। राहुल गांधी ने कहा इस बार भी कर्जा माफ करेंगे।

हमने जो कहा करके दिखाया, 2500 रुपये समर्थन का वादा किया था पूरा किया। राहुल गांधी ने कहा कल हमने नई घोषणा की है, केजी से पीजी तक मुफ्त में शिक्षा देने का वादा किया है। छत्तीसगढ़ में सभी युवाओं को शिक्षा मुफ्त मिलेगी। राहुल गांधी ने कहा अभी छत्तीसगढ़ में 2640 रुपए समर्थन मूल्य है और आने वाले समय में इसे 3000 तक ले जाएंगे। वहीं भूमिहीन कृषि मजदूरों को सात हजार से बढ़ाकर 10 हजार वार्षिक अनुदान दिया जाएगा।

#### सरकार बनी तो कराएंगे जातीय जनगणना

राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरते हुए कहा कि मोदी जी ने आपसे 15 लाख रुपए व काला धन वापस लाने का वादा किया था। ये वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। वहीं कई बड़े उद्योगपति के खाते में करोड़ो रुपए दे दिए गए है। नरेन्द्र मोदी ने किसानों का कर्जा माफ नहीं किया है। उल्टे मोदी जी ने कई उद्योगपति के 14 लाख करोड़ रुपए माफ कर दिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो जातीगत जनगणना कराएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि 'पीएम मोदी कहते हैं कि ओबीसी के लिए काम करते हैं। मैं सवाल पूछना चाहता हूं कि वे जाति जनगणना से क्यों डरते हैं। वे देश को ओबीसी की सच्ची आबादी क्यों नहीं बताते। 90 बड़े अफसर ही देश को चला रहे है। इन 90 अफसरों में ओबीसी कितने हैं।

#### अडानी के लिए काम करते हैं पीएम मोदी

राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ओबीसी, दलित, आदिवासी के लिए काम नहीं करते, वे अडानी के लिए काम करते है। राहुल गांधी ने कि 'पीएम नरेंद्र मोदी ने जीएसटी लागू की व नोटबंदी की। इसे लेकर व्यापारियों का कहना था कि इससे कुछ फायदा नहीं हुआ। अडानी जैसे लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया। इससे व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में सीएम भूपेश बघेल के काम से हर वर्ग को फायदा पहुंचा है। आगे कांग्रेस की सरकार बनी तो इसी तरह किसानों से लेकर सभी वर्ग के लोगों को फायदा मिलेगा।

#### मोदी जी उद्योगपति को मजबूत कर रहे हैं : सीएम बघेल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि वर्तमान में दो विचार धारा की लड़ाई है। हमारे नेता कहते हैं कि किसान मजबूत हो, कर्जा माफ हो, लेकिन मोदी जी उद्योगपति को मजबूत कर रहे हैं, कर्जा उन्हीं का माफ हो रहा। इस कवर्धा के निवासी पूर्व सीएम डॉक्टर रमन है। वे यहां से पालयन कर राजनांदगांव से चुनाव लड़ रहे है। अभी तक भाजपा ने अपना घोषणा पत्र तक जारी नहीं किया है। जबकि हमने कई घोषणाएं कर दी हैं। हमारी सरकार आने के बाद सभी किसानों का कर्जा माफ करेंगे। इसके अलावा राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मज़दूर न्याय योजना में मिलने वाली राशि को 7000 रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 10,000 रुपए प्रतिवर्ष किया जाएगा। डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीब वर्ग को अब पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा तथा अन्य लोगों को 50 हजार से बढ़ाकर अब पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।

## खास खबर

### स्मार्ट सिटी के निर्माणाधीन स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट नवंबर में पूरे करने कलेक्टर ने दिए आदेश

**बिलासपुर।** बिलासपुर7 स्मार्ट सिटी के स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट का कलेक्टर अवनीश शरण ने रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने मल्टीपरपज स्कूल मैदान में बन रहे मिनी स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉप्लेक्स का काम देखा। इसके बाद बिलासा गर्ल्स कॉलेज में महिलाओं के लिए विशेष तौर पर तैयार कराया जा रहा पिंक स्टेडियम का निरीक्षण किया। काम देखने के




बाद उन्होंने सभी कार्य 30 नवंबर तक हर हाल में पूरा कराने को कहा। मल्टीपरपज मिनी स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉप्लेक्स में आर्ट एक्टिविटी के लिए भी स्थान सुरक्षित रखने की बात कही। पिंक स्टेडियम में एक अतिरिक्त टेनिस कोर्ट बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा स्मार्ट सिटी द्वारा तैयार किए जा रहे सभी स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट काफी अहम है। इससे स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी मजबूती मिलेगी। 30 नवंबर तक सभी कार्य तीव्र गति से पूरा करते हुए प्रोजेक्ट को पूरा करें। इस दौरान स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एमडी श्री कुणाल दुदावत और स्मार्ट सिटी के अधिकारी उपस्थित रहें।

### ईवीएम एवं वीवीपेट मशीनों का कमिशनिंग का कार्य शुरू

**राजनांदगांव।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन का कमिशनिंग आज छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव के स्ट्रांग रूम में प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने आज छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव के स्ट्रांग रूम पहुंचकर कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों के लिए इव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन का कमिशनिंग कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। आगामी 7 नवम्बर 2023 को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार सिलिंग का कार्य पूरा किया जा रहा है। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी खुज्जी श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी राजनांदगांव अरूण वर्मा, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगढ़ गिरिश रामटेके, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगांव अश्वन पुसाम सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपने मोबाइल पर ही देख सकते हैं अपना मतदान केन्द्र और निर्वाचन संबंधी अन्य जानकारियां

श्रीकंचनपथ न्यूज





**राजनांदगांव।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 7 नवम्बर 2023 को किया जाएगा। मतदान के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह है। ऐसे में मतदाता यह जानने के लिए उत्सुक होते हैं कि मतदान के लिए उनका कौन सा केन्द्र है, उनका नाम किस भाग संख्या अथवा क्रमांक पर है। ऐसी प्राथमिक जानकारी सहित कई अन्य जानकारियां अब मोबाइल फोन पर ही देखी जा सकती हैं। सुगम मतदान की दिशा में भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप्प एक उपयोगी एप्लीकेशन है, जो आम मतदाताओं को उपयोगी जानकारी त्वरित गति से उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में सतत प्रयास किया जाता है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप की शुरूआत इसी उद्देश्य से की गई है। मतदाताओं के लिए यह बहुउपयोगी एप एंड्रॉयड एवं आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इसमें मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डालकर बहुत ही आसानी से अपनी विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को विधानसभावार परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप के माध्यम से निर्वाचन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की शिकायत भी की जा सकती है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संचालन संबंधी वीडियो भी देखे जा सकते हैं।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान सामग्री के वितरण एवं वापसी की पूरी व्यवस्था करने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की बैठक ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को मतदान सामग्री के वितरण एवं वापसी की पूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संगवारी मतदान केन्द्रों, दिव्यांग मतदान केन्द्रों एवं युवा मतदान केन्द्रों के मतदान अधिकारियों की उपस्थिति तथा मतदान सामग्री के वितरण एवं वापसी के लिए अलग से काउंटर बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्ट्रांग रूम से मतदान पेटियों एवं सामग्री वितरण और वापसी के लिए बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग योग्यजन मतदाताओं का चिन्हांकन कर लिया गया है। जिनका होम वोटिंग कराया जाना है। होम वोटिंग के लिए मतदान दल का गठन किया जाएगा। जिसकी सूचना संबंधित को होम





वोटिंग के पूर्व दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि होम वोटिंग की गोपनीयता एवं निष्पक्षता का विशेष ध्यान देना है। मतदाता से पहचान पत्र जरूर लेना है। इस कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने होम वोटिंग के संबंध में मतदान दल को विशेष प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में संगवारी मतदान केन्द्र बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला मतदान अधिकारियों द्वारा संगवारी मतदान केन्द्रों में मतदान कराया जाएगा। उन्होंने संगवारी मतदान केन्द्रों के लिए महिला मतदान अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण देने के निर्देश मास्टर ट्रेनर्स को देने कहा। उन्होंने कहा कि संगवारी मतदान केन्द्रों में सभी कर्मचारी महिलाएं ही होंगी। वहां मतदान सामग्री प्राप्त करने से लेकर वापसी तक मतदान से संबंधित संपूर्ण कार्य महिला कर्मचारियों को ही करना होगा। उन्होंने निर्वाचन अभिकर्ता को भी प्रशिक्षण देने कहा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में मोबाईल फोन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

उन्होंने दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की मदद के लिए स्काउट एवं एनसीसी के विद्यार्थियों को सहयोग में लाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग का कार्य किया जाएगा। मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग के लिए कैमरा का इन्टालेशन चिन्हांकित मतदान केन्द्रों में किया जा रहा है। इसके लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स दीपक ठाकुर ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से होम वोटिंग, मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग, सुविधा केन्द्रों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के कारण छग में फिर बनेगी कांग्रेस सरकार: गिरीश देवांगन

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन अपने सघन जनसंपर्क के दौरान ग्राम इंदावानी में आम जनता से रूबरू होकर 15 वर्षीय असक्षम नेतृत्व को हटाने के लिए अपने पक्ष में समर्थन मांगते हुए कहा कि जिस प्रकार से 15 वर्षीय भाजपा के कुशासन में उनके खुद के विधानसभा राजनांदगांव के किसानों के सुखा राहत के पैसे का गबन करने का काम रमन सिंह के साथ संरक्षण में हुआ वही योजनाओं में जिस प्रकार बंदर बांट भाजपा ने किया।



वह छ ग की संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भाजपा की भ्रष्टाचारी सरकार रमन सिंह के नेतृत्व में अस्त-व्यस्त कर दिए थे 2018 में कांग्रेस सरकार आने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को जिस प्रकार से मजबूती प्रदान की गई और सीधे जनता के जेब में पैसा डाला गया और ग्रामीण स्तर पर ही रोजगार के संसाधन उपलब्ध कराए जिसके कारण छत्तीसगढ़ में खुशहाली का वातावरण निर्मित हुआ और भूपेश बघेल जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कुशल प्रबंधन के कारण 40 लाख परिवार गरीबी रेखा से ऊपर आए जिसका प्रमाण नीति आयोग ने अपने रिपोर्ट में दिया है और तो और छत्तीसगढ़ की सरकार ने ऐसी योजनाएं धरातल पर लागू की जिसे देश भर में सराहा गया और केंद्र की भाजपा सरकार ने भी उसे पुरस्कृत कर छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं के साथ योजनाओं के क्रियांवयन के लिए प्रदान किया है।

भाजपा ने किसानों को युवाओं को महिलाओं को सिर्फ ठग कर अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति करने में लगे रहे। रमन राज की ऐसी एक भी योजना नहीं जो भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ी हो सिर्फ निर्माण कार्य कमीशन बाजी के होती थी तभी रमन सिंह भाजपाइयों से कमीशन ना लेने की अपील करते रहे। प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष भागवत साहू, अंगेश्वर देशमुख, घनश्याम देवांगन, गोवर्धन देशमुख, अजय मारकंडे, रोहित चंद्राकर, मानव देशमुख, सुलोचना मारकंडे, पिकू साहू सहित ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे। वार्ड 24 गुरूगोविंद सिंह वार्ड के हेमू कल्याणी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनसंपर्क यात्रा प्रारंभ करेंगे जो वार्ड भ्रमण करते हुए प्रभात नगर होते हुए वार्ड 23 अनुपम नगर भ्रमण करते हुए वार्ड 45 सृष्टि कालोनी, जीवन कॉलोनी होते हुए कौरिनभाठा वार्ड 44 में भ्रमण करते हुए गांधी नगर, महेश नगर में आज के जनसंपर्क यात्रा का समापन करेंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के अंजोरा, कोपेडीह, मरारटोला, फुलझर, बिरेझर, नवागांव में जनसंपर्क करेंगे।

## एमआरपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट: पहले दिन हुए 3 मैच, टाइटन, एचीवर व बिलासपुर किंग को मिली जीत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉयज यूनियन की बिलासपुर इकाई का एमआरपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट रविवार से तोरवा स्थित धान मंडी ग्राउंड में शुरू हुआ। इसके पहले दिन तीन मैच खेले गए। इसमें टाइटन फार्मा, फार्मा अचिवर्स व बिलासपुर फार्मा किंग की टीम ने जीत हासिल की। शुभारंभ करते हुए यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रितेश कुमारी तिवारी ने कहा कि सभी सदस्य इस टूर्नामेंट में खेल भावना के साथ खेलें और एकता का परिचय दें। बिलासपुर इकाई के अध्यक्ष सोम शर्मा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 10 टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। टूर्नामेंट के आयोजक योगेश नायक व देवेंद्र चंद्रा ने बताया कि पहले दिन 3 मैच हुए।

पहला मैच में टाइटन-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 106 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछे करते हुए भोले-11 की टीम महज 76 रन ही बना सकी। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए फार्मा एचीवर ने 10 ओवरों में 115 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए फार्मा राइजिंग स्टार की टीम 65 रन पर ही ऑलआउट हो गई। अंतिम मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर फार्मा किंग ने 10 ओवरों में 7 विकेट पर 91 रन ही बना सकी।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts ● Toys ● Cosmetics
Perfumes ● Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### ड्राइवर खाना खाने गया तो सवारी ऑटो लेकर भागा लिमतरा में पकड़ा गया आरोपी

**जांजगीर (ए)।** बदमाश ने नैला के ऑटो चालक से बिलासपुर जाने के लिए बुकिंग कराई। किराया 15 सौ रुपए में तय होने के बाद ऑटो चालक सवारी को ऑटो में बैठाकर खाना खाने घर चला गया। जब वह वापस लौटा तो उसकी ऑटो गायब थी। पुलिस ने ऑटो चोरी के आरोपी को लिमतरा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस अनुसार नैला बजरंगीपारा निवासी अविनाश चौहान(32) पेशे से ड्राइवर है। वह खुद की ऑटो शहर में चलाता है। 6 अक्टूबर की सुबह करीब 8:45 बजे वह अपनी ऑटो के साथ सवारी की तलाश में अग्रसेन भवन नैला के पास था। तभी एक व्यक्ति आया और उसने बिलासपुर जाने के लिए 1500 रुपए में ऑटो बुक कराई। सौदा तय होने बाद अविनाश सवारी को ऑटो में बिठाकर खुद खाना खाने चला गया। करीब 20 मिनट बाद जब अविनाश घर से वापस अपनी ऑटो के पास पहुंचा तो मौके पर न तो ऑटो था और न ही जिसने बुक किया था वह दिखा। उसने 12 अक्टूबर को रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना शुरू की।

#### मोबाइल लोकेशन से पकड़ा गया आरोपी

जांच के दौरान साइबर सेल ने मोबाइल टावर डंप लोकेशन का पता लगाया। लोकेशन के आधार पर लिमतरा वार्ड नंबर 7 निवासी धर्मेंद्र कुमार पात्रे को चोरी के ऑटो के साथ पकड़ा गया। आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है।

### शोरूम के एसी से कॉपर वायर चोरी, 5 पकड़े गए

**दुर्ग।** मोहन नगर थाना अंतर्गत तीनों अपचारी बालकों ने मिलकर 10 दिन पहले एक ज्वेलरी शोरूम में एसी से कॉपर पाइप की चोरी की। इसके बाद कॉपर को एक दुकानदारों को बेच दिया। इस पर मोहन नगर पुलिस ने रविवार को कॉपर चोरी करने वाले तीनों अपचारी बालक और उनके साथी राज साहू समेत चोरी का सामान खरीदने वाले देवानंद सोनी को गिरफ्तार किया है। सीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि 19 अक्टूबर को ज्वेलरी शो रूप में चोरी हुई। ज्वेलरी शो रूप के मैनेजर संतराबाड़ी निवासी प्रहलाद सिंह ने इसकी शिकायत की थी। इसके बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। अपचारी बालकों ने वाम्बे आवास उरला निवासी राज साहू के साथ मिलकर चोरी करने की बात स्वीकारी है। बहरहाल इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

# शिकायत के बाद भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई अब कोर्ट के आदेश पर हुआ एफआईआर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेक्टर-6 की रहने वाली एक युवती को रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर खुर्सीपार निवासी शख्स ने उसके पिता से 3 लाख 50 हजार रुपए ठग लिए। रुपए लेने के बाद युवती की न तो नौकरी लगी और न ही शख्स ने उसके पिता के रुपए लौटाए। तंग आकर युवती ने थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस द्वारा इस मामले में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। थक हारकर युवती ने एसपी से गुहार लगाई लेकिन यहां भी उसे निराश ही मिली। इसके बाद युवती ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब इस मामले में कोर्ट के आदेश पर भिलाई नगर पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मामला 2020 का है। ब्लाक नं 05 सी सड़क 81, सेक्टर 6, भिलाई निवासी पल्लवी राव के पिता जी जोगेन्दर राव की जान पहचान खुर्सीपार सेक्टर-11 निवासी गंगा सागर से थी। गंगा सागर ने जोगेन्दर राव को उसकी बेटी पल्लवी की नौकरी रेलवे में लगवाने का झांसा दिया। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बाद भी जोगेन्दर राव ने अपनी बेटी की नौकरी लगवाने के लिए गंगा सागर को दो किश्तों में 3 लाख 50 हजार रुपए दे दिए। यह रकम जोगेन्दर राव ने कोरेना काल में लॉकडाउन के दौरान दी थी।




#### रुपए लेने के बाद करने लगा आनाकानी

गंगा सागर ने 3 लाख 50 हजार रुपए लेने के बाद आनाकानी करना शुरू कर दिया। रुपए लेने के बाद पल्लवी राव की नौकरी नहीं लगी। रुपए मांगने पर गंगा सागर नखरे दिखाने लगा। कई बार फोन करने व मुलाकात करने पर गंगासागर ने आईडीबीआई बैंक शाखा नंदिनी रोड का एक लाख रुपए का चेक क्रमांक-002205 दिनांक 15 सितंबर 2022 को दिया। चेक पर दिए गए दिनांक को जब चेक लगाया तो वह बाउंस हो गया क्योंकि गंगा सागर के खाते में रुपए ही नहीं थे। इसके बाद जब रुपए मांगने गए तो धमकी देने लगा। गंगासागर ने साफ कह दिया कि उनके रुपए उसने रेलवे अधिकारियों को दे दिए। वहां से रुपए वापस मिलेंगे तो वह लौटाएगा। इस बीच फोन करने या घर आने पर देख लेने की धमकी भी दी।

#### पुलिस ने नहीं दिया ध्यान

पीड़ित पल्लवी राव के अनुसार इस मामले में उसने पहले थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने न तो एफआईआर किया और न किसी प्रकार की कार्रवाई की। पुलिस द्वारा मामले में ढिलाई बरते जाने पर पल्लवी राव ने इसकी शिकायत तात्कालिक एसपी से भी की। एसपी ऑफिस से भी इस मामले में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। पल्लवी राव ने पुलिस को यह भी बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और गंगा सागर ने उनकी बड़ी रकम गबन कर लिया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद पल्लवी राव व उसके पिता जोगेन्दर राव ने न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी दुर्ग में अपील दायर की। इसके बाद कोर्ट के निर्देश पर भिलाई पुलिस ने गंगा सागर के खिलाफधारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### दो कारों से बरामद हुई 3.60 लाख की अवैध शराब

## मध्यप्रदेश से शराब लेकर आ रहे थे छत्तीसगढ़, मनेंद्रगढ़ पुलिस ने किया जब्त

**मनेंद्रगढ़ (ए)।** एमसीबी जिले की मनेंद्रगढ़ कोतवाली पुलिस ने दो कारों से 57 पेटी शराब जब्त की है। दोनों कारों में मध्यप्रदेश से शराब लाई जा रही थी। जब्त अवैध शराब की कीमत करीब तीन लाख 70 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने दोनों कारों को जब्त कर लिया है। मामले में कार सवार चार आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की कार्रवाई की है। मनेंद्रगढ़ पुलिस ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पेट्रोलिंग के दौरान सिद्धबाबा घाट के नीचे नेशनल हाईवे मार्ग 43 पर वाहनों की जांच के दौरान बलेनो वाहन क्रमांक सीजी 13 एक्यू 6658 को रोका। जांच में कार में 27 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की गई। कार में मध्यप्रदेश से लाई जा रही रायल स्टेज, मैकडावल नंबर वन, एवं गोवा ब्रांड की 27 पेटी शराब मिली। कार में 241 लीटर शराब की कीमत 189240 रुपये बताई गई है। वे शराब परिवहन का कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सके। पुलिस ने कार सवार आरोपी राकेश जायसवाल (23) एवं शाहिद (28) दोनों निवासी मनेन्द्रगढ को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से कार को भी जब्त कर लिया गया है।

#### शहर में पकड़ी गई दूसरी कार

मनेंद्रगढ़ पुलिस ने मध्यप्रदेश से आ रही सेंट्रो



कार सीजी 06 बी 3600 को शहर में रोककर तलाशी ली तो कार में 30 पेटी गोवा शराब लोड मिली। 270 लीटर शराब की कीमत एक लाख 80 हजार रुपये बताई गई है। शराब मध्यप्रदेश से लाई जा रही थी। पुलिस ने कार सवार अमित यादव (32) निवासी मोहन नगर दुर्ग तथा छबीलाल (21) निवासी कबीरधाम को गिरफ्तार कर कार जब्त कर लिया है।

#### चारों आरोपियों को भेजा गया जेल

पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमारी चन्द्राकर के नेतृत्व में एएसआई राकेश शर्मा, किशन चौहान की टीम सक्रिय रही।

## रायगढ़ में कार से 1.50 लाख रुपए कैश जब्तः घरघोड़ा पुलिस और फ्लाइंग स्क्वाड ने चेकिंग के दौरान की कार्रवाई

**रायगढ़ (ए)।** रायगढ़ में पुलिस ने 29 अक्टूबर को वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से करीब 1.50 लाख रुपये बरामद किया है। कैश से संबंधित दस्तावेज पेश नहीं करने पर पुलिस ने उन्हें जब्त कर लिया। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस ने बताया कि रविवार को घरघोड़ा पुलिस और फ्लाइंग स्क्वाड की संयुक्त टीम जय स्तम्भ चौक के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान कार क्रमांक सीजी 11 AT 1604



तमनार की ओर से आ रही थी।

पुलिस ने गाड़ी रुकवाकर जांच की, तो उसमें रखे बैग से 1.50 लाख रुपए बरामद हुए। कार में सवार अब्दुल रज्जाक (53 वर्ष) कोई दस्तावेज नहीं पेश कर सका। जिसके बाद कार और रकम दोनों को जब्त कर लिया गया। आरोपी धनगढा गरूमारा किशनगंज बिहार का रहने वाला है।

बता दें कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार, 50 हजार रुपए से अधिक कैश परिवहन के समय संबंधित व्यक्ति को पुलिस को उचित दस्तावेज देने होंगे। ऐसा नहीं होने पर रकम जब्त कर ली जाएगी। 9 अक्टूबर से छत्तीसगढ़ में आचार संहिता लागू है।

## साउंड सिस्टम को लेकर प्रशासन सख्त, 3 संचालकों का डीजे और साउंड बॉक्स जब्त

**रायगढ़ (ए)।** बिलासपुर हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अब तेज आवाज में बजने वाले डीजे और साउंड सिस्टम को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। 3 डीजे संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने डीजे संचालकों का साउंड बॉक्स और डीजे मशीन जब्त कर लिया है। ज्यादा तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने के कारण उनका बॉक्स जब्त किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, दुर्गा मेला सार्वजनिक स्थल पर डीजे साउंड सिस्टम के साथ कार्यक्रम किया जा रहा था। थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने डीजे संचालक वीरेंद्र कुमार प्रधान, श्रवण बंसल और फिलमोन कुजूर को नोटिस देकर डीजे संचालन की अनुमित पेश करने को कहा। लेकिन डीजे संचालक ने अनुमति नहीं लेने की बात कही।

#### डीजे का साउंड सिस्टम जब्त कर थाने ले आई पुलिस


इसके बाद लैलूंगा पुलिस मौके से डीजे साउंड सिस्टम और 14 बाक्स, 6 नग एंपलीफायर, 6 नग कॉर्डलेस माइक, 4 चोंगा और 1 जनरेटर को जब्त कर थाने ले आई। डीजे संचालक श्रवण बंसल फिलमोन कुजूर और वीरेंद्र कुमार के खिलाफ लैलूंगा थाने में कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

रायगढ़ में चुनाव प्रचार के दौरान लाउडस्पीकर, डीजे समेत अन्य साउंड सिस्टम के उपयोग के लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है।

## उड़नदस्ता टीम की बड़ी कार्रवाईः लॉज के कमरे से 2 लाख रुपए बरामद, भिलाई व रायपुर से जुड़ा मामला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में निगरानी दलों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। शराब के अवैध परिवहन से लेकर बिक्री तक, नगदी एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अंतरराज्यीय सीमा एवं अंतरजिला सीमा में एसएसटी टीम के द्वारा तथा तहसील स्तर पर एफएसटी टीम द्वारा सूचना प्राप्त होने पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा भी समय समय पर नाकाबंदी प्वाइंट लगाकर वाहनों की सघन चेकिंग के अलावा होटल, सरायों में आने जाने वाले व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है।



इसी कड़ी में थाना बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत उड़नदस्ता टीम द्वारा सनराईज लॉज के रूम नम्बर 104 में चेकिंग के दौरान अमरजीत सिंह सलूजा निवासी गोविन्द नगर रायपुर व भास्कर मुदलियार निवासी वैशाली नगर भिलाई के पास से बैग में 500-500 रुपए के 400 नोट यानी दो लाख रुपए नगद बरामद किया गया। उड़नदस्ता टीम प्रभारी द्वारा बरामद रकम के सबंध में वैध दस्तावेज एवं रकम के स्त्रोत के सबंध मे दस्तावेज मांगे जाने पर किसी भी प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध कराने में विफल रहें ।

FST टीम प्रभारी हेमलता सलाम नायब तहसीलदार बीजापुर द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर नगद रकम को जप्त करते हुए थाना बीजापुर के सुपुर्द किया गया। थाना बीजापुर द्वारा बरामद रकम के सबंध में वैध दस्तावेज न होने से अपराध से संबंधित होने की आशंका पर धारा 102 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जिसकी जानकारी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बीजापुर को भेजी जा रही है द्य उपरोक्त कार्यवाही में FST (उड़नदस्ता टीम) टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## महादेव सट्टा एप के लिए बैंक खाता खुलवाने वाले छह गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** ऑनलाइन बैटिंग एप महादेव के संचालन में पैसों का लेन-देन के लिए बैंक खाता खुलवाने के साथ ही उपलब्ध कराने वाले छह लोगों को आजाद चौक पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस केस के मुख्य आरोपी देवेश सिंह चौहान पर आरोप है कि वह लोगों को झांसे में लेकर उसके नाम पर बैंक खाता खुलवाता था और खातेदार की जानकारी के बगैर खाते से सट्टेबाजी का लाखों रूपये रोज लेनदेन करता था।



गिरफ्तार किए गए सट्टेबाजों के पास से सात मोबाइल, एक पासबुक, चार एटीएम कार्ड, एक चेकबुक, दो सिमकार्ड आदि जब्त किया गया है। आरोपितों के खिलाफ अपराधिक षडयंत्र रचने, धोखाधड़ी और छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम का केस दर्ज किया गया है।

दरअसल, आमापारा निवासी दुर्गेश जायसवाल ने आजाद चौक पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराया था कि सुपेला, भिलाई निवासी देवेश सिंह चौहान ने सरकारी कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का टेंडर लेकर मुनाफा कमाने का झांसा दिया। दस प्रतिशत कमीशन देने का लालच देकर दुर्गेश के नाम से यश बैंक सिविल लाइन में खाता खुलवाया फिर उस खाते में महादेव एप सट्टेबाजी के पैसे का लेनदेन करने लगा। इस बात का पता चलने पर दुर्गेश ने आपत्ति जताई तो देवेश ने मुनाफा देने से साफ इंकार कर दिया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### ट्रेजरी अफसर और लेखापाल की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित 18,823 ने कराया था पंजीयन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से रविवार को अपेक्स बैंक में विभिन्न पदों के लिए चयन परीक्षा ली गई। इसकी दूसरी पाली में दोपहर 2 से शाम 5.15 तक कनिष्ठ प्रबंधक-2, कनिष्ठ संवर्धन प्रबंधन (ट्रेजरी विशेषज्ञ, मुख्य लेखापाल), उप प्रबंधक, सहायक प्रबंधक पदों के लिए परीक्षा ली गई। इसके लिए दुर्ग जिले से 3052 उम्मीदवारों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 1497 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित और 1555 अनुपस्थित रहे। इस तरह दूसरी पाली में हुई परीक्षा में करीब 51 फीसदी परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह पहली पाली में सुबह 10 से दोपहर 12.15 तक सहायक प्रबंधक (फील्ड अफसर), सामान्य सहायक, समिति प्रबंधक नवीन संवर्ग के पदों के लिए परीक्षा ली गई। इसके लिए दुर्ग जिले से 18,823 उम्मीदवारों ने पंजीयन कराया था। इनमें से परीक्षा में 11,786 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 7037 अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित उम्मीदवारों का प्रतिशत 37.38 फीसदी रहा। पहली पाली की परीक्षा के लिए दुर्ग जिले में 48 और दूसरी पाली के लिए 7 केंद्र बनाए गए थे। दो अभ्यर्थी ऐसे भी जिन्होंने अलग-अलग केंद्र में परीक्षा दी: दो उम्मीदवारों ने निर्धारित परीक्षा केंद्र के स्थान पर दूसरे परीक्षा केंद्र में परीक्षा में शामिल हुए। व्यापमं ने भारती कॉलेज में दो केंद्र बनाए थे। इसकी वजह से परीक्षार्थी गलतफहमी एक के स्थान पर दूसरे केंद्र में बैठ गया। एक अन्य भारती कॉलेज के स्थान पर बीएसपी स्कूल में बैठ गया।

### 4 नवंबर को दुर्ग में होगा नरेंद्र मोदी का मेगा शो

**दुर्ग।** रविवार को जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर भाजपा कार्यालय में प्रमुख पदाधिकारी की बैठक ली। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि आगामी 4 नवंबर को स्टेडियम में नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा होगी। शाम को कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा और पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग की मौजूदगी में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ स्टेडियम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने स्टेडियम में बनाए जा रहे सभा पंडाल बनाने वाली टीम को सावधानी से शीघ्रतापूर्वक समयसीमा में काम पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### संकल्पः व्यापारी ग्राहकों को भी मतदान के लिए करेंगे प्रेरित

भिलाई। मतदान को लेकर जागरूकता के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सुपेला बाजार के सभी व्यापारियों ने पहले मतदान, फिर दुकान का नारा लगाते हुए संकल्प लिया। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि मतदान दिवस के दिन व्यापारी अपनी दुकानें दोपहर 12 बजे ही खोलें, उससे पहले सुबह-सुबह अपने परिवार के साथ जाकर मतदान करें और व्यापारिक एकता का परिचय दें। इसके अलावा व्यापारी दुकानों में आने वाले ग्राहकों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावा अपने परिवार व समाज के लोगों को भी शत प्रतिशत मतदान का संदेश देंगे। यह मुहिम जारी रहेगी। मार्केट के सभी व्यापारियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान सुनील मिश्रा, हरीश शर्मा, ठाकुर गौतम सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# वाहन रैली निकाल कर दिया शत् प्रतिशत मतदान का संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर नागरिक को मतदान करना आवश्यक है 17 तारीख को होने वाले विधानसभा चुनाव में नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इस उद्देश्य को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के लिए वाहन रैली निकाला गया। विधानसभा क्रमांक 65 के रिटर्निंग आफिसर व आयुक्त रोहित व्यास ने हरी झंडी दिखा कर वाहनो को रवाना किया।**



बैकुंठधाम वार्ड 32 के मैदान में सौ वाहनो को क्रमबद्ध खडे कर 17 नवम्बर का लिखित श्रंखला बनाया गया बाद इसके उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियो को आयुक्त व्यास ने बिना भय जाति पंथ से उपर उठ कर बिना भेद भाव के शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई ।

वाहन रैली छावनी, केनाल रोड,नंदनी रोड से पावर हाऊस फ्लाईओवर होते हुए सेन्ट्रल एवन्यू से हुडको सेक्टर 9 चौक से सेक्टर 7 स्कूल मैदान मे पहुंच कर पुनः वाहन की श्रृंखला से स्वीप का आकर बना कर वाहन रैली का समापन किया गया। रैली के दौरान वाहनों में चुनाव आयोग द्वारा जारी प्रचार प्रसार के स्लोगन एवं गीत तथा मतदान करने की अपील की गई। रैली मे आयुक्त रोहित व्यास, एसडीएम जागेश्वर कौशल, तहसीलदार पंचभाई गुरूदत्त, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, स्वास्थ अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, अजय शुक्ला, अनिल मिश्रा, अंकित सक्सेना, वीके सेमुवल, आरपी तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सीएम भूपेश ने दाखिल किया नामांकन, ताम्रध्वज साहू सहित दिग्गज रहे मौजूद



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने सोमवार को अंतिम दिन है। नामांकन के अंतिम दिन पाटन से कांग्रेस प्रत्याशी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपना नामांकन दाखिल किया। सीएम बघेल के इस नामांकन कार्यक्रम में ताम्रध्वज साहू, अध्यक्ष चरणदास महंत सहित कई दिग्गज मौजूद रहे।

बता दें दूसरे चरण के मतदान के लिए 31 अक्टूबर को नामाकंन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। वहीं 2 नवंबर तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकते हैं। नामांकन भरने से पहले सीएम ने ट्वीट करके कहा कि हर बार वह दिन याद आता है जब पहली बार नामांकन दाखिल करने गया था। आज पाटन विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने भिलाई निवास से निकला हूं। मेरी धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी ने हर बार की तरह तिलक किया। आप सबका प्यार मेरा संबल है।

छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के लिए, आप सबकी सेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का वादा आपसे करता हूं।

# जन संपर्क यात्रा में भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर को मिल रहा व्यापक जन समर्थन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ललित चन्द्राकर जन सम्पर्क यात्रा के तहत अंजोरा मंडल के मोहलई, कोटनी मालूद, बेलौदी, नगपूरा, बोरई, दमोदा खुशीडीह, खुरसुल, गनिपारी पीपरछेड़ी गांवों में पहुंचकर जनता सेआर्शीवाद लेकर कमल फूल में बटन दबाने की अपील की, उन्होंने जन संपर्क यात्रा केदौरान लोगों के मिल रहे आपार जन स्नेह व समर्थन का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों से लोगों में आक्रोश है अबआम जनता में परिवर्तन की लहर है । उन्होंने कहा कि आम जनता केन्द्र की भाजपा सरकार की नीतियों से प्रभावित है । लोगों के मिल रहे आर्शीवाद से उन्होंने दावा किया है कि था आने वाले समय भारतीय जनता पार्टी की होगी । उन्होंने कहा कि वें सदैव क्षेत्र की सर्वागिण विकास के पथ पर काम करेंगे और जनता की विश्वास पर खरा उत्तरेंगे।

श्रीं चंद्राकर ने पावनधरा ग्राम मोहलाई में छातागढ़ बाबा का आशीर्वाद लेकर चुनाव प्रचार प्रारम्भ किया व छातागढ़ बाबा का पूजा-अर्चना कर समस्त क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की व ग्रामवासियों के साथ जनसंपर्क कर आगामी विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा के रीति-नीति से प्रभावित होकर स्थानीय अध्यक्ष यादव समाज रामनंद यादव,ईश्वर यादव,चैतराम यादव,अशोक यादव,दिनेश यादव,खेमलाल यादव,कुम्भ लाल यादव, दुष्यन्त यादव भाजपा प्रवेश किया।जन सम्पर्क यात्रा में बूथ अध्यक्ष आनंद निषाद,जीतू देवांगन, सुखदेव देवांगन, डॉ नरेंद्र निषाद,ओम सिंग,ईश्वरी मारकंडे,मिलाप निषाद,छगन हिरवानी, केशव निषाद, केशव साहू,जय कुम्भकार आदि कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।ग्राम कोटनी में जनसंपर्क कर ग्रामवासियों का आशीर्वाद प्राप्त किया। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का संपूर्ण सर्वांगीण विकास ही मेरा लक्ष्य है।

37 वां नेशनल गेम्स गोवा -2023

# छत्तीसगढ़ की महिला फेंसिंग टीम ने पहली बार राष्ट्रीय खेल में टीम चैम्पियनशिप के खिताबी मुकाबले में जीता रजत पदक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। गोवा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में चल रही 37 वीं नेशनल गेम्स में फेंसिंग (तलवारबाज़ी) में एक बड़ा उलटफेर छत्तीसगढ़ की महिला फेंसिंग फेंसर टीम ने किया , कमज़ोर मानी जा रही छत्तीसगढ़ की एपी टीम ने केरला टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 45-44 से हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जहाँ सेमीफाइनल में राज्य का मुकाबला मध्यप्रदेश की टीम के साथ हुआ ।**



जो क्वाटरफायनल मुकाबले में पंजाब को 45-44 से हराकर पहुंची थी जो की गत वर्ष राष्ट्रिय गेम्स की रजत पदक विजेता थी , राज्य की महिला फेंसर ,रीबा बेन्नी ,रुपाली साहू,मोनिका साहू , एवं तुलसी मानिकपुरी की सेना ने मध्यप्रदेश के किले को 45-39 से ध्वस्त करते हुए ,फायनल पहुंचकर स्वर्ण पदक के लिए अपनी दावेदारी हरियाणा की सशक्त टीम के सामने रखा ,फाइनल में हुए मुकाबले राज्य के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाडियों पदक विजेता से सजी अनुभवी टीम के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी और फाइनल मुकाबला हरियाणा से 16 -45 से हार गए और रजत पदक से संतोष करना पड़ा ,इसके पूर्व फेंसिंग (तलवारबाज़ी) में अब तक हुए नेशनल गेम्स में केवल पुरुष वर्ग के पदक आते रहें हैं पहली बार राज्य के नवोदित खिलाड़ियों ने जिनका पहला नेशनल गेम्स था उस अवसर को जाने नहीं दिया और रजत पदक राज्य की झोली में डाला। टीम के मुख्य कोच श्री व्ही जॉनसन सोलोमन एवं अखिलेश दुबे टीम मैनेजर श्रीमती नौशीन खान थे। इसके साक्षी बने छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी बशीर अहमद खान ,एवं चीफ द मिशन मोहन लाल,छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग के कोषाध्यक्ष रामप्रताप गुप्ता उपस्थित थे।

कल प्रतियोगिता के मलखम्ब हुए व्यक्तिगत मुकाबले (पोल मलखम्ब आप्रेटस)में राज्य के मांगडू पोडियाम ने कांस्य पदक अर्जित किया। छत्तीसगढ़ राज्य की पदक तालिका में लगातार बढ़ोतरी हुई है अब तक 01 स्वर्ण, 01 रजत एवं 4 कांस्य पदक सहित पदको की संख्या 06 हो गई है।

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की परीक्षाओं के दौरान विष्वविद्यालय के अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग में पूरक परीक्षा 2023 से संबंधित परीक्षा केन्द्रों का विष्वविद्यालय के अधिकारियों ने औचक निरीक्षण कर परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन का जायजा लिया। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने बताया कि कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा के निर्देषानुसार प्रतिदिन विष्वविद्यालय के अधिकारी विभिन्न पूरक परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर रहे है।**



श्री कुलदीप के अनुसार आज विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव, उपकुलसचिव, श्री राजेन्द्र चैहान, तथा सहायक कुलसचिव, श्री हिमांषु शेखर मंडावी ने कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई तथा भिलाई महिला महाविद्यालय, सेक्टर 09, भिलाई का निरीक्षण किया। इस दौरान कल्याण महाविद्यालय, भिलाई के प्राचार्य, डॉ. आर. पी. अग्रवाल तथा भिलाई महिला महाविद्यालय, सेक्टर 09, भिलाई की प्राचार्या, डॉ. संध्या मदन मोहन भी उपस्थित थी। श्री कुलदीप के अनुसार कल्याण महाविद्यालय में परीक्षा कक्ष में उपस्थित वीक्षकों ने देखा कि दो परीक्षार्थियों के पास मोबाईल हैं जो कि परीक्षा के नियमों का पूर्ण रूप से उलंघन है अतः उन दोनों परीक्षार्थियों का नकल प्रकरण दर्ज किया गया। अब यह प्रकरण विष्वविद्यालय में गठित नकल प्रकरण समिति के समक्ष रखा जायेगा।

20 अक्टूबर से आंरभ हुई पूरक परीक्षा 2023 में अबतक अनेक विषयों की पूरक परीक्षाएं सम्पन्न हो चुकी हैं। इनमें आधार पाठ्यक्रम हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा, समाजषास्त्र, वाणिज्य, कम्प्यूटर एप्लीकेषन, भौतिक, गणित, वनस्पतिशास्त्र विषय शामिल है। विश्वविद्यालय में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों से अबतक 5 हजार उत्तरपुस्तिकाएं पहुंच चुकी है तथा इनका मूल्यांकन 25 विषेषज्ञ प्राध्यापक प्रतिदिन कर रहे है।

# निषाद समाज महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने दे रहा सिलाई का मुफ्त प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छग निषाद समाज द्वारा ग्राम नंदकट्ठी में बालिकाओं और महिलाओं को स्वरोजगार दिलाने के लिए निशुल्क सिलाई, कढ़ाई और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का कोर्स शुरू किया है। यह कोर्स 15 दोनों का है, जिसमें बच्चों को स्वरोजगार को अपनाने प्रशिक्षण के साथ महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए जा रहे हैं ताकि वे आजीविका का साधन जुटा सके।

कार्यक्रम को शुरू कराने की जिम्मेदारी समाज की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद को दी गई है। बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्य में गांव की महिलाओं ने भी बच्चों को सिखाने में अपनी रुचि दिखाई है, जिनमें मिथलेश निषाद, गीता निषाद, भारती निषाद, नैना निषाद, सुनीता निषाद, अंजली निषाद, हेमलता निषाद सहित अन्य शामिल हैं। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में महिलाएं हिस्सा ले रही हैं।

भिलाई में कमल खिलाने के लिए ग्राउंड में उतरी दया सिंह की टीम, प्रचार का मोर्चा उठाया

# खुर्सीपार इलाके में डोर-टू-डोर शुरू, भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पांडेय के लिए मांग रहे वोट

श्रीकंचनपथ न्यूज

- **बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति की टीम भी प्रचार करने के लिए उतरी**
- **भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उप नेता प्रतिपक्ष ने संभाला मोर्चा**

**भिलाई।** मिशन-2023 का संकल्प मैंने 2018 में ही ले लिया था। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने की जिद हमने कर ली है। हम उसी दिन से काम में लग गए हैं। मैं टीम से आह्वान करता हूं भिलाईनगर विधानसभा के प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पांडेय जी के लिए मेहनत करनी है। इसमें किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़नी है।



ये बातें भिलाई निगम के वार्ड-44 लक्ष्मीनारण वार्ड से पार्षद व निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने खुर्सीपार के लोगों को संबोधित करते हुए कही। दया सिंह अपनी टीम के साथ ग्राउंड में उतर गए हैं। उन्होंने शुरुआत अपने घर यानि कि अपने लक्ष्मीनारायण वार्ड 44से की है। ग्राउंड में प्रेमप्रकाश पांडेय के लिए कहा कि, पांडेय जी विजनमैन है।

उनके पास भिलाई को संवारने और संरक्षित करने के लिए विजन है। लेकिन युवा विधायक के पास सेल्फी लेने से फुर्सत नहीं मिल रही है। विकास के नाम पर क्षेत्र में कुछ भी नहीं हुआ है। जो काम पांडेय जी ने स्वीकृत कराया था, उसका फीता ये कांग्रेसी काट रहे हैं।

दया सिंह ने अपनी टीम से कह दिया है कि सभी जीतोड़ मेहनत करें। इस बार कोई चूक नहीं होनी चाहिए। भिलाई नगर वैशाली नगर सहित छत्तीसगढ़ की सभी सीटों में कमल खिलेगा और छत्तीसगढ़ मे भाजपा की सरकार बनेगी। जय भाजपा तय भाजपा।

# बीएसपी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 मनाया जा रहा है। इसके तहत दिनांक 30 अक्टूबर 2023 से 05 नवम्बर, 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे है। इस अवसर पर सतर्कता विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 में विभिन्न प्रतियोगिताओं ड्राइंग, पेंटिंग, निबंध, स्लोगन, क्विज और वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है। 30 अक्टूबर 2023 को बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का उद्घाटन संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया जाएगा तथा दोपहर 2.30 बजे क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में संयंत्रकर्मी व उनके परिवार के सदस्यों हेतु निबंध व स्लोगन कॉम्पिटिशन का आयोजन डिजिटल मोड में किया गया है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के तहत 31 अक्टूबर 2023 को सुबह 11 बजे बजे पीजी नर्सिंग कॉलेज में तथा 01 नवम्बर, 2023 को महिला विद्यालय, दुर्ग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त 31 अक्टूबर 2023 को सुबह 7 बजे कर्मचारियों तथा स्टेकहोल्डरों हेतु इस्पात भवन से इक्विपमेंट चैक तक वॉकथॉन का आयोजन किया गया है। 02 नवम्बर, 2023 को सुबह 10.30 बजे बीएसपी स्कूल, सेक्टर-7 में स्कूली बच्चों हेतु वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग में विक्रेताओं/ठेकेदारों/ग्राहकों के मध्य जागरूकता पैदा करने और शिकायत निवारण हेतु तथा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा को बढ़ावा देने के लिए इंट्रेक्षन सत्र का आयोजन डिजिटल मोड में किया गया है। मैत्री बाग में स्कूली बच्चों हेतु ड्राइंग व पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 03 नवम्बर को राजहरा व हिर्री माइंस में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें निवासियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। दिनांक 04 नवम्बर, 2023 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कला मंदिर में आयोजित किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950